पाक्षिक
# क्रांतिरथ छत्तीसगढ़
सामाजिक क्रांति के पथ पर अग्रसर
Postal Regn No.C.G./RYP DN/65/2023-25
◆ वर्ष - 21 ◆ अंक - 8 ◆ रायपुर 20 अक्टूबर 2024 ◆ पृष्ठ - 16 ◆ मूल्य-5/- रुपया

कैबिनेट बैठक

**शराब की बोतलों के होलोग्राम बनाएगा केंद्र**

# 50 प्रतिशत हुआ महंगाई भत्ता

रायपुर। छत्तीसगढ़ के सरकारी कर्मचारियों को साय सरकार ने दिवाली का तोहफा दिया है। महंगाई भत्ता 46 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने की घोषणा की है। महंगाई भत्ता 1 अक्टूबर से मिलेगा। प्रदेश में 3 लाख से ज्यादा सरकारी कर्मचारी काम करते हैं।



नवा रायपुर स्थित महानदी भवन में बुधवार को हुई साय कैबिनेट की बैठक में निर्णय लिया गया है कि, प्रदेश में बिकने वाली शराब के लिए होलोग्राम केंद्र सरकार तैयार करेगी। धान खरीदी 14 नवंबर से होगी और राजनीतिक आंदोलन से जुड़ी FIR वापस लेंगे।

वहीं सरकार ने इमरजेंसी के समय जेल गए और यातनाएं सहने वालों को लोकतंत्र सेनानी का दर्जा दिया है। दिवंगत लोकतंत्र सेनानियों की राजकीय सम्मान के साथ अंत्येष्टि की जाएगी। इसके लिए उनके परिवार को 25 हजार की सहायता राशि मिलेगी।

### साय कैबिनेट के अहम फैसले

## धान खरीदी

इस बार धान खरीदी 14 नवंबर से शुरू होकर 31 जनवरी 2025 तक चलेगी। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए कृषि विभाग किसान पोर्टल के जरिए रजिस्ट्रेशन करवा रहा है। रजिस्ट्रेशन 31 अक्टूबर तक चलेगा। इस साल सरकार 160 लाख टन धान खरीद सकती है। सभी खरीदी केंद्रों में इलेक्ट्रॉनिक तराजू से ही धान खरीदी होगी। धान खरीदी के लिए 4.02 लाख गठान नए जूट बारदाना की स्वीकृति दी गई है। धान खरीदी के लिए कुल 8 लाख गठान बारदाने की जरूरत होगी।

### डाटा एंट्री ऑपरेटर्स को मानदेय

डांटा एंट्री ऑपरेटर को लेकर भी सरकार ने अहम फैसला किया है। इसके तहत सहकारी समिति के आपरेटर्स को 18 हजार 420 रुपए के हिसाब से 12 महीने का मानदेय जारी होगा। इसके तहत 60 करोड़ 54 लाख रुपए जारी किए जाएंगे।

### पंचायत शिक्षक आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति

ऐसे पंचायत शिक्षक जिनका निधन हो चुका है उनके आश्रितों को अनुकम्पा नियुक्ति दी जाएगी। इसे लेकर लंबे समय से आंदोलन हो रहा था। सर्विस के दौरान जिनकी मौत हुई उनके परिजनों को छत्तीसगढ़ शिक्षक (पंचायत) संवर्ग नियम 2018 के आधार पर पात्रता अनुसार अनुकम्पा नियुक्ति दी जाएगी।

### पंचायत करेगी पेयजल की व्यवस्था

अब पंचायत की सामान्य प्रशासन समिति अपने इलाकों में पीने के पानी से जुड़ी सुविधाओं पर काम करेगी। ग्राम सभा के अनुमोदन से जल प्रभार का निर्धारण करने के अलावा नए कनेक्शन का निर्णय, वित्तीय प्रबंधन, मरम्मत, पेयजल गुणवत्ता और शिकायतों का निराकरण करेगी।

### शराब बोतलों के लिए केंद्र सरकार बनाएगी होलोग्राम

अब छत्तीसगढ़ में बिकने वाली शराब का होलोग्राम भारत सरकार तैयार करेगी। कैबिनेट में तय किया गया है कि भारत सरकार के उपक्रम भारत प्रतिभूति मुद्रणालय, नासिक रोड (महाराष्ट्र) से होलोग्राम की खरीदी होगी। ऐसा इसलिए ताकि सिक्योरिटी फीचर्स के साथ होलोग्राम मिलें।

### औद्योगिक नीति में स्पेशल पैकेज

कैबिनेट में तय हुआ है कि छत्तीसगढ़ राज्य की औद्योगिक नीति 2019-24 के तहत स्टीन डाउन स्ट्रीम प्रोजेक्ट, एथेनॉल यूनिट, कोर सेक्टर के सीमेंट प्लांट को स्पेशल पैकेज दिया जाएगा।

## रमेश बैस की राजनीति में फिर वापसी

रायपुर-दक्षिण उपचुनाव की सरगर्मी के बीच भाजपा के सक्रिय सदस्य बने

**रायपुर।** रायपुर लोकसभा सीट से सात बार सांसद रह चुके और तीन राज्यों में राज्यपाल रहे भाजपा के वरिष्ठ नेता रमेश बैस एक बार फिर भाजपा का सक्रिय सदस्य बन गए हैं। रायपुर-दक्षिण विधानसभा के उपचुनाव की सरगर्मी के बीच उन्होंने भाजपा की सक्रिय सदस्यता ग्रहण की। राजनीतिक प्रेक्षक बैस का फिर से प्रदेश की सक्रिय राजनीति में प्रवेश को लेकर कई मायने निकाल रहे हैं। बैस ने मीडिया से चर्चा में कहा कि मैं भाजपा का कार्यकर्ता होने के कारण पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए काम करूंगा। अगर कोई कार्यकर्ता पार्टी के लिए काम सक्रिय होकर करता है तो इस पर सक्रिय राजनीति का सवाल नहीं उठना चाहिए है। जो ईमानदारी से काम करता है वही सक्रिय सदस्य है। मैं पार्टी को मजबूत बनाने के लिए पूरा समय दूंगा। उन्होंने कहा कि जनसंघ के समय से मैं पार्टी के लिए काम कर रहा हूं। कुछ वर्षों तक संवैधानिक पद पर पदस्थ होने के कारण मैंने भाजपा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। अब पुनः मुझे सक्रिय सदस्य बनाने के लिए भाजपा संगठन के कुछ कार्यकर्ता मेरे पास आए हैं। भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा हर प्रदेश को लक्ष्य दिया जाता है कि सदस्यों की संख्या बढ़ाएं। जब भी संगठन का चुनाव होता है तो पार्टी ज्यादा सदस्य बनाने के लिए काम करती है।



# सांसद बृजमोहन ने छत्तीसगढ़ में रेल सुविधाओं की उठाई मांग

## सांसद बृजमोहन ने प्राक्कलन समिति बैठक में छत्तीसगढ़ में रेल कोच फैक्ट्री लगाने की मांग की

नई दिल्ली/रायपुर। लोकसभा सचिवालय, नई दिल्ली में भारतीय रेलवे में नई रेलवे परियोजनाएं और यात्री सुरक्षा उपाय- एक समीक्षा को लेकर प्राक्कलन समिति की बैठक आयोजित की गई।



बैठक में समिति सदस्य सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ में रेल परियोजनाओं और रेल यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा से जुड़े मामलों को भी उठाया।

श्री अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ में रेलवे की विभिन्न परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति और राज्य में चल रहे रेल लाइन के दोहरीकरण, तिहरीकरण और चौहरीकरण की वर्तमान स्थिति पर रेल विभाग से जानकारी मांगी।

श्री अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ में रेल कोच फैक्ट्री लगाने की मांग की और रेलवे के पेंडिंग प्रोजेक्ट्स को जल्द से जल्द पूरा करने की मांग की जिससे छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था में सुधार होगा और रोजगार के भी नए अवसर पैदा होगे। उन्होंने सवाल उठाया कि, रेलवे का जैसे जैसे इन्फ्रास्ट्रक्चर बढ़ रहा है उसकी तुलना में स्टाफ की स्थिति क्या है, उन्होंने वर्तमान में रेलवे में कितने कर्मचारी हैं और कितनों की जरूरत है।

श्री अग्रवाल ने रायपुर-धमतरी लाइन का अभनपुर तक विस्तार कार्य जल्द पूरा करने को कहा इससे क्षेत्र के हजारों विद्यार्थियों किसानों, महिलाओं को सीधा लाभ मिलेगा।

श्री अग्रवाल ने रावघाट-जगदलपुर, रायपुर-जगदलपुर, सरगुजा-अंबिकापुर, रायपुर-धमतरी रेल लाइन परियोजनाओं को भी जल्द पूरा करने की मांग की।

साथ ही बॉम्बे हावड़ा रेल मार्ग में आने वाले मुख्य शहरों के रेल स्टेशन को अमृत मिशन के तहत विकसित करने पर भी चर्चा की।

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ में रेल परिचालन को सुधारने के लिए कहा। उन्होंने कोरोना काल के दौरान पूर्ण और आंशिक रूप से बंद की गई पैसेंजर ट्रेनों के पुनः परिचालन की मांग की।

श्री बृजमोहन अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ में यात्रियों की सुरक्षा पर भी चिंता व्यक्त करते हुए रेलवे को मामले में गंभीरता पूर्वक कार्य करने के लिए कहा उन्होंने रेल दुर्घटनाओं को रोकने के लिए रेलवे द्वारा सिग्नलिंग सेफ्टी और अन्य डिवाइस एवं रेलवे द्वारा उठाए गए कदमों की जानकारी मांगी।

उन्होंने कहा कि, शहर के बीच से गुजरने वाली रेल लाइन दुर्घटनों की आशंका बनी रहती है ऐसे में यात्रियों और स्थानीय लोगों की सुरक्षा को देखते हुए रेल लाइन के दोनों तरफ ग्रिल लगाने चाहिए।

साथ ही रेलवे के ओवर ब्रिज और अंडर पास पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाने चाहिए।

# शहर के राशन दुकान व गैस एजेंसी में दलालों व बिचैलियों का बोलबाला

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



भाटापारा। नगर के अनेक राशन दुकान व गैस एजेंसी मे इन दिनो दलालो का बोलबाला है राशन दुकान खुलते हीं दर्जनो की संख्या मे राशन दलाल राशन दुकान के सेल्स मेन के समीप खडे होकर खुलेआम राशन की अवैध रूप से खरीदी कर रहे है जिससे राशन दुकानो मे भगदड़ का माहौल बना हुआ है।

उपरोक्त संबंध मे मिली जानकारी के अनुसार शहर के अनेक राशन दुकानो मे जहां पर महिला कार्ड धारी अपना राशन लेने पहुंच रहे है उन्हे परेशानी व दिक्कतो से जूझना पड रहा है क्योकि राशन दुकान खुलते हीं राशन का अवैध रूप से चांवल व अन्य सामाग्री खरीदने दर्जनो की तादाद मे दलाल पैसा लेकर वहां पर खरीददारी कर रहे है जिससे वे राशन उपभेक्ता परेशान है जो अपना राशन सामाग्री इन दलालो को न बेचकर राशन को अपने प्रयोग के लिये घर ले जाना चाह रहे है। राशन दुकान मे छत्तीसगढ राज्य के बिलासपुर जिला मे वहां के कलेक्टर ने जहां राशन दुकान के पास दलाल व बिचैलियो के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की है वहीं राशन दुकान मे हीं चांवल बेचने वालो के विरूद्ध कलेक्टर ने कार्यवाही करते हुये राशन कार्ड जब्ती के भी निर्देश दिये है लेकिन प्रदेश मे भाटापारा एक ऐसा स्थान है जहां कि तमाम राशन दुकानो मे खुलेआम सेल्समेन के बाजू मे हीं खडे होकर बिचैलिये व दलाल राशन की सामाग्री की अवैध रूप से खरीदी का कार्य धडल्ले से कर रहे है लेकिन प्रशासन के उच्चाधिकारी इस दिशा मे ठोस कार्यवाही नहीं कर पा रहे है राशन की अवैध खरीददारी करने वाले बिचैलिये व दलाल यहां से राशन खरीदकर अज्ञात लोगों को उंचे दाम पर राशन का चांवल बेच देते है और यहां से उक्त चांवल कतिपय राईस मिलों मे जाकर पॉलिश के जरिये उच्च क्वालिटी का चांवल बनकर पुनरू बाजार मे विक्रय के लिये पहुंच रहा है इस तरह शासन के द्वारा प्रदान किये जा रहे एपीएल व बीपीएल कार्ड के राशन की आड़ अवैध कारोबार सेल्समेन के सहयोग से नगर व क्षेत्र मे धडल्ले से चल रहा है जिस पर जिला कलेक्टर को बिलासपुर कलेक्टर की तरह ही कार्यवाही करते हुये राशन दुकान के सेल्समेन व बिचैलियो के विरूद्ध विधि सम्मत कार्यवाही करना चाहिये। इसी प्रकार के सामान्य घरेलू गैस उपभेक्ताओं को गैस एजेंसी जाने पर तरह तरह के बहाने बनाकर घुमाया जा रहा है वहीं उक्त घरेलू गैस 100 रूपये प्रति सिलेण्डर अधिक देने पर गैस दलाल तुरंत घर तक घरेलू गैस पहुंचाकर दे रहे है इस दिशा मे खाद्य विभाग एकदम से खामोश बैठा हुआ है जिससे आम गैस उपभेक्ताओ मे भारी आक्रोश व्याप्त है।

# कालेज में फोटो प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता संपन्न




भाटापारा। शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गांधी जयंती के अवसर पर फ ोटो प्रदर्शनी एवं पोस्टर प्रदर्शन का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर प्राचार्य डॉ.अनिता सरीन ने गांधी के व्यक्तिव एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुये उनके बताये मार्ग पर चलने का आव्हान किया। उक्त कार्यक्रम का संयोजन अजीम प्रेम जी फाउन्डेशन द्वारा किया गया था। कार्यक्रम मे डॉ. शशिकिरण कुजूर, डॉ. प्रीति सोनी, डॉ. सुमित पंत, मनोज साहू, बाबूलाल, खिलौना कन्नौजे, पूजा गुप्ता, श्रुति शुक्ला, डॉ. दीपेश मिश्र एवं लीलेश्वर, खेमचंद, गीतेश, अर्जुन, भारती, सोनम, स्वाति, पायल व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# भाटापारा में 37 फीट के रावण का दहन, रामलीला मंडली ने किया मंचन

ब्यूरोचीफ संतोष साहू





**भाटापारा।** नगर के रावण भांठा मैदान मे दशहरा पर्व पर धूमधाम से मनाया गया लंकापति रावण दहन का कार्यक्रम मंचन के बाद किया गया इस बार दशहरा मैदान मे 37 फ ीट उंचे रावण के पुतले का दहन आतिशबाजी के बीच किया गया। 105 वर्ष पुराने आदर्श रामलीला नाटक मंडली के तमाम सदस्य दो अलग अलग बडे वाहनो मे सवार होकर रामलीला मैदान से रावण भांठा मैदान पहुंचें जहां उन्होने नाटय मंचन के पश्चात रावण का दहन किया रावण दहन के साथ साथ मेघनाथ और कुंभ करण के पुतलो का भी दहन किया गया। इस समारोह को देखने शहर के अलावा शहर सीमा से लगे गांव पेन्ड्री, ढाबाडीह, धौराभांठा सिद्ध बाबा, टिकुलिया, तरेंगा, खोलवा, देवरी, सूमा, कैथी, खपराडीह, सेंन्दरी सहित संपूर्ण नगर के तमाम लोग दशहरा मैदान पहुंचे जिसके कारण यातायात मे काफ ी परेशानी रहीं लगभग 30 से 35 हजार लोगों की विशाल भीड़ ने इस पर्व का आनंद उठाया। रावण दहन के बाद लोग एक दूसरे को सोनपत्ती भेंटकर बधाई दी है। बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक दशहरा पर्व नगर मे पिछले 105 वर्ष से मनाया जा रहा है रावण दहन के दौरान आने वाले भारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिये चारो दिशाओं मे बेरिकेटस लगाकर यातायात को नियंत्रित किया गया। वहीं ग्राम धुर्राबांधा मे भी दशहरा का ऐतिहासिक पर्व मनाया गया।

# नई प्रस्तावित ट्रेन गया - लोकमान्य तिलक टर्मिनल एक्सप्रेस का स्टापेज देने की मांग, क्षेत्रीय नागरिकों ने सांसद बृजमोहन अग्रवाल से प्रयास की मांग की

ब्यूरोचीफ संतोष साहू




**भाटापारा।** रेल प्रशासन द्वारा छत्तीसगढ के यात्रियों के हित मे लोकमान्य तिलक टर्मिनल से मोक्ष नगरी गया तक के लिये दीपावली के पूर्व नई टेकृन चलाने का निर्णय लिया गया है। उक्त ट्रेन दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे के बिलासपुर जोन के बिलासपुर रायपुर दुर्ग और नागपुर होकर जायेगी बिलासपुर जोन से गया जाने के लिये यह पहली सीधी ट्रेन की सेवा है जहां हजारो यात्री अब पिंडदान जैसे कार्यो के लिये सीधा गया जा सकेंगे बताया जाता है कि गया लोकमान्य तिलक टर्मिनल के बीच चलने वाली उक्त ट्रेन को नियमित रूप से चलाया जायेगा और यह ट्रेन गया रेल्वे स्टेशन से प्रति बुधवार की रात्रि सात बजे रवाना होगी और शुक्रवार की सुबह 5 बजकर 50 मिनट पर लोकमान्य तिलक टर्मिनल स्टेशन पहुंचेगी इसी प्रकार लोकमान्य तिलक टर्मिनल रेल्वे स्टेशन से उक्त ट्रेन प्रत्येक शुक्रवार को दोपहर 1 बजकर 15 मिनट पर रवाना होकर शनिवार की रात्रि 10 बजकर 50 मिनट पर गया रेल्वे स्टेशन पहुंचेगी 22 कोच के साथ चलने वाली उक्त ट्रेन का स्टापेज छत्तीसगढ राज्य के रायगढ, बिलासपुर, रायपुर व दुर्ग के अलावा महाराष्ट्र के गोंदिया, नागपुर, वर्धा, भंडारा, अकोला, भुसावल, जलगांव, नासिंक, कल्याण और लोकमान्य तिलक टर्मिनल स्टेशन मे दिया गया है। उक्त महत्वपूर्ण ट्रेन का भाटापारा रेल्वे स्टेशन पर स्टापेज न दिया जाना दुर्भाग्यजनक विषय है जबकि भाटापारा रेल्वे स्टेशन से रेल्वे को भारी भरकम आय प्राप्त होता है और तो और अनेक ऐसे स्टेशनो मे उक्त ट्रेन का स्टापेज है जहां की आय भाटापारा से कम है चूंकि भाटापारा रेल्वे स्टेशन 6 विधानसभा क्षेत्रो का निकटतम रेल्वे स्टेशन है साथ हीं बडी तादाद मे लोग पिंडदान तर्पण व अन्य क्रिया कर्म करने गया जाते है उस लिहाज से गया लोकमान्य तिलक टर्मिनल एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन दिवस से हीं भाटापारा मे स्टापेज दिया जाये ताकि लोगों को गया जाने के लिये सीधी ट्रेन सुविधा का प्रत्यक्ष लाभ मिल सके। क्षेत्रिय नागरिको ने सांसद बृजमोहन अग्रवाल से गया एक्सप्रेस का स्टापेज भाटापारा मे कराने का आग्रह किया है।

# हिंदुओं के त्योहार पर ही क्यों फैलती हैं अराजकता और हिंसा?

यह हिन्दुस्तान का दुर्भाग्य है कि यहां की बहुसंख्यक आबादी को अपने तीज-त्योहार मनाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हिन्दुओं के द्वारा कोई भी धार्मिक आयोजन किया जाता है उस पर मुस्लिम कट्टरपंथियों का साया पड़ जाता है। हिन्दू जब भी कावड़ यात्रा निकाले, माता का जागरण कराये, मूर्ति विसर्जन को जाये या इसी तरह के अन्य कोई आयोजन करे तो मुस्लिम कट्टरपंथी कहीं उस पर पथराव करने लगते हैं तो कहीं रास्ता रोक कर खड़े हो जाते हैं। उनके इस कृत्य का विरोध होता है तो यह लोग तलवारें भांजने लगते हैं।

आगजनी और पेट्रोल बम तो आम बात हो गई है,लेकिन पेट्रोल बम फोड़ने वाले तब जरूर आहत हो जाते हैं जब उन्हें कहीं पटाखों की आवाज सुनाई पड़ जाती है। हालात यह है कि हिन्दुओं के छोटे से छोटे धार्मिक आयोजन भी बिना पुलिस की सुरक्षा के घेरे के पूर्ण नहीं हो पाते हैं। हिन्दुओं के देवी-देवताओं को कभी कला के तो कभी अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर अपमानित किया जाता है। न जाने क्यों पांच टाइम लाउडस्पीकर पर चीखने चिल्लाने वालों को हिन्दुओं के धार्मिक आयोजनों में बजने वाला डीजे बेचैन क्यों कर देता है। इसी तरह से होली के रंग-गुलाल भी एक वर्ग विशेष के चंद कट्टरपंथियों के चलते साम्प्रदायिक हो जाता है। ऐसा नहीं है कि यह कट्टरपंथी तभी भड़कते हों जब हिन्दुओं के द्वारा अपना कोई धार्मिक जुलूस आदि सड़क पर निकाला जाता हो,हद तो तब हो जाती है जब हिन्दुओं के लिये अपने घरों में पूजा करना भी लड़ाई-झगड़े की वजह बन जाता है। गरबा या दुर्गा पूजा के पंडालो तक में यह मुस्लिम चरमपंथी पहुंच कर माहौल खराब करने से नहीं हिचकते हैं।



> हालात यह है कि हिन्दुओं के छोटे से छोटे धार्मिक आयोजन भी बिना पुलिस की सुरक्षा के घेरे के पूर्ण नहीं हो पाते हैं। हिन्दुओं के देवी-देवताओं को कभी कला के तो कभी अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर अपमानित किया जाता है।

इतना हीं कई बार तो इन अराजक तत्वों को वोट बैंक की राजनीतिक करने वाले नेताओं और पार्टियों का राजनैतिक संरक्षण भी मिल जाता है। यदि ऐसा न होता तो बहराइच में बेरहमी से मारे गये रामगोपाल मिश्र की हत्या पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव एक्स पर वह कथित वीडियो नहीं पोस्ट करते जिसमें रामगोपाल मिश्रा एक मुस्लिम परिवार के घर से हरा झंडा उतार कर भगवा झंडा लगाते हुए दिखाई दे रहा है। अखिलेश इस वीडियो के सहारे रामगोपाल मिश्रा को ही कटघरे में खड़ा कर रहे हैं, जबकि इसका कानूनी पहलू यह है कि यदि रामगोपाल मिश्रा ने हरा झंडा उतार कर वहां भगवा झंडा फहरा भी दिया था तो हत्यारों को उसका कत्ल करने की छूट नहीं मिल जाती है। रामगोपाल मिश्र को मारा ही नहीं गया,उसके साथ हत्यारों ने वहशीपन दिखाते हुए रामगोपाल के नाखून तक बेरहमी के साथ नोंच लिये थे। ज्यादा पीछे न भी जाया जाये तो हाल फिलहाल में ही इस्लामी कट्टरपंथियों ने देश के अलग-अलग हिस्सों में दुर्गा पूजा और हिन्दुओं को निशाना बनाया है। मुस्लिम कट्टरपंथियों ने कहीं पंडाल पर पथराव किया गया तो कहीं मूर्ति विसर्जन के जुलूस पर हमला हुआ, जुलूस के रास्तों को लेकर भी विवाद हुआ। उत्तर प्रदेश से लेकर पश्चिम बंगाल और असम तक पथराव और हिंसा हुई है। यह हिंसा हिन्दुओं के त्योहार नवरात्र के साथ ही चालू हो गई थी। हावड़ा के श्यामगंज में 13 अक्टूबर, 2024 को एक मुस्लिम भीड़ ने हिन्दू पंडालों पर हमला किया। मुस्लिम भीड़ ने दुर्गा पूजा पंडालों को नष्ट करना चालू कर दिया। उन्होंने मूर्तियों को आग लगा दी और कई पंडालों को तबाह किया। यह मुस्लिम भीड़ उस घाट पर भी पहुँची जहाँ देवी मूर्तियों का विसर्जन होना था। यहाँ इस भीड़ ने पथराव किया। बात विशेषकर उत्तर प्रदेश की कि जाये तो यहां के कौशांबी जिले में माँ दुर्गा के विसर्जन जुलूस पर हमला हुआ। इस हमले में जुलूस में शामिल महिला श्रद्धालुओं को भी निशाना बनाया गया। हमले के दौरान तलवारें लहराई गईं और पत्थरबाजी हुई। घटना में कई श्रद्धालुओं को चोटें आई। 12 अक्टूबर, 2024 को हुए इस हमले का आरोप मुस्लिम समुदाय के लगभग एक दर्जन लोगों पर लगा है जिसमें ख़ातूनें भी शामिल हैं। माँ दुर्गा की प्रतिमा को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया और एक महिला से दुष्कर्म की भी कोशिश हुई। पुलिस ने केस दर्ज करके जाँच शुरू कर दी है। इसी तरह से बलरामपुर में दुर्गा पूजा के दौरान इस्लामिक कट्टरपंथियों ने पंडाल में घुसकर महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार किया। आरोपितों में कलीम, अरबाज़, इमरान और मुख़्तार शामिल थे, जिन्होंने महिला श्रद्धालुओं से अभद्रता की और पंडाल में लगे भगवा ध्वज को नोचकर नाली में फेंक दिया। महिलाओं ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया। जिला गोंडा के मसकनवा बाजार इलाके में 9 अक्टूबर, 2024 को दुर्गा पूजा पंडाल में मूर्ति स्थापित करने के बाद देवी की आँखों पर से पट्टी हटाई गई थी। इस मूर्ति की स्थापना बीते कई सालों से की जाती है। इस मौके पर यहाँ बड़ी संख्या में हिन्दू इकट्ठा थे।पूजा अर्चना के बाद कुछ हिन्दू बच्चे इस पंडाल के बाहर पटाखे फोड़ने लगे। पटाखों की आवाज सुन कर पास में रहने वाले मुस्लिम भड़क गए। मुस्लिम परिवार के लोग बाहर निकल कर हिन्दुओं को गालियाँ देने लगे और हमलावर हो गए। उन्होंने पहले हिन्दुओं पर पथराव किया और फिर लाठी डंडों से हमला कर दिया। उधर, कुशीनगर में एक और गंभीर घटना सामने आई, जब दुर्गा पूजा के दौरान मुस्लिम कट्टरपंथियों ने मूर्ति पर पथराव किया। इस घटना में 10 से अधिक लोग घायल हो गए। पुलिस ने स्थिति को काबू में करने के लिए आरोपितों को गिरफ्तार किया और इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी। हिंदू समुदाय ने प्रशासन से आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की माँग की। अब बहराइच की हिंसा इसका नया उदाहरण है जहां मूर्ति विसर्जन के लिये जा रहे एक व्यक्ति को बेरहमी से मौत के घाट उतार दिया गया। यह जानकारी उन्हीं घटनाओं की है, जो मीडिया में सामने आई हैं या जिनकी जानकारी सोशल मीडिया पर वायरल हुई।

साभार... प्रभासाक्षी - संजय सक्सेना

---

### जम्मू-कश्मीर में महका लोकतंत्र

# सरकार से बड़ी उम्मीदें

आखिरकार जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र की धूप खिल ही गयी, पांच साल बाद केन्द्र शासित जम्मू-कश्मीर को निर्वाचित सरकार मिल गयी और नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली है। 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त किये जाने के बाद केन्द्र शासित प्रदेश में यह पहली चुनी हुई सरकार है, जो नई उम्मीदों के नये दौर का आगाज है। उमर अब्दुल्ला पहले भी एक बार मुख्यमंत्री रह चुके हैं, लेकिन उनकी यह पारी हर तरह से खास है।



नई सरकार के मुखिया के तौर पर उमर अब्दुल्ला के सामने आम लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने की कठिन चुनौती भी है। जनता ने विकास और शांति की आकांक्षा के साथ दिल खोलकर मतदान किया और अपनी उम्मीदों की सरकार चुनी है। घाटी में दशकों तक अब्दुल्ला परिवार के शासन के अनुभव के मद्देनजर घाटी के लोगों ने नेशनल कॉन्फ्रेंस पर भरोसा जताया। तमाम ऊहापोह, सुरक्षा चुनौतियों तथा विदेशी दखल की तमाम आशंकाओं को निर्मूल करते हुए जम्मू-कश्मीर के जनमानस ने स्पष्ट सरकार बनाने का जनादेश दिया है। इस भूमिका तक पहुंचाने में भारतीय जनता पार्टी एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयास महत्वपूर्ण रहे हैं। कश्मीर में विकास, पर्यटन में भारी वृद्धि, शांति एवं सौहार्द का वातावरण बनना ऐसे ही प्रयासों की सार्थक निष्पत्ति है। नई सरकार को विकास की चल रही योजनाओं को आगे बढ़ाते हुए आतंकमुक्त कश्मीर के संकल्प को मंजिल तक पहुंचाना होगा। जम्मू एवं कश्मीर में लोकतांत्रिक सरकार का गठन अनेक दृष्टियों से न केवल राजनीतिक दशा-दिशा स्पष्ट करेगा बल्कि राज्य के उद्योग, पर्यटन, रोजगार, व्यापार, रक्षा, शांति आदि नीतियों तथा राज्य की पूरी जीवन शैली व भाईचारे की संस्कृति को प्रभावित करेगा। बहरहाल, ऐसे में नवनिर्वाचित सरकार और केंद्र का दायित्व है कि घाटी के लोगों ने जिस मजबूत लोकतंत्र की आकांक्षा जतायी है, उसे पूरा करने में भरपूर सहयोग करें। एक समय राज्य में मतदाता डर कर मतदान करने हेतु नहीं निकलते थे। मतदान का प्रतिशत बेहद कम रहता था। इस बार मतदाता निर्भीकता के साथ मतदान करने निकले। जनता ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने के संकल्प को सकारात्मक समर्थन दिया है। यद्यपि लोकसभा चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस को कामयाबी नहीं मिल पायी थी, लेकिन जनता ने उन्हें राज्य में सरकार चलाने का स्पष्ट जनादेश दिया है। वहीं दूसरी ओर, इस भारी मतदान व स्पष्ट बहुमत का एक निष्कर्ष यह भी है कि लोग घाटी में शांति और सुकून, अमन एवं विकास, सौहार्द एवं सद्भावना चाहते हैं। जम्मू-कश्मीर सरकार और केंद्र सरकार को मिलकर प्रयास करना होगा कि इस क्षेत्र में शांति कायम होने के साथ विकास की नई बयार चले। जिसमें आम नागरिक खुद को सुरक्षित अनुभव करते हुए राष्ट्रीय विकास की धारा के साथ-साथ कदमताल कर सके। निश्चित ही उमर के सामने चुनौतियां बड़ी हैं, आम लोगों को भी उनकी कठिनाइयों का अंदाजा है, वहीं खुद उमर ने भी व्यावहारिक नजरिया अपनाने का संकेत दिया है। चुनाव के दौरान अनुच्छेद 370 की वापसी की मांग पर कड़ा रुख अपनाने वाले उमर ने चुनाव नतीजे आने के बाद इस मसले पर अपना रुख नरम कर लिया। उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात ऐसे नहीं हैं, जिनमें इस मुद्दे पर जोर देने का किसी को कुछ फायदा होगा। उम्मीद बढ़ाने वाली बात यह भी है कि चुनावी कड़वाहट को पीछे छोड़ते हुए सभी पक्षों ने सहयोग का रुख अपनाने का संकेत दिया है। न केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने नई सरकार के साथ मिलकर काम करने का संकेत दिया है बल्कि खुद उमर ने भी उपराज्यपाल से टकराव की बजाय आपसी समझ एवं सकारात्मकता से शासन करने की मंशा जतायी है, जो जहां जम्मू-कश्मीर की जनता के हित में है वही उमर की राजनीतिक सूझबूझ, परिपक्वता एवं विवेक का परिचायक है। चाहे उपमुख्यमंत्री पद जम्मू संभाग से चुने गए विधायक सुरिंदर चौधरी को स्थान देने की बात हो या कांग्रेस के लिए कैबिनेट में स्थान खाली रखने की, उमर अब्दुल्ला यह संकेत दे रहे हैं कि वह सबको साथ लेकर चलना चाहते हैं। कांग्रेस ने फिलहाल सरकार को बाहर से समर्थन देने की बात कही है, लेकिन इसका कारण राज्य का दर्जा न मिलने को बताया है।

> विश्वास करें कि नई सरकार को प्रशासनिक मामलों में नौकरशाही का पर्याप्त सहयोग मिलता रहेगा। नीति-नियंताओं को ध्यान रखना होगा कि सरकार चलाने में किसी भी तरह का अनावश्यक व्यवधान कालांतर अशांति का वाहक बनेगा। उम्मीद करें कि यथाशीघ्र पूर्ण राज्य का दर्जा मिलने के बाद जम्मू-कश्मीर में प्रशासन की विसंगतियां दूर की जा सकेंगी।



- ललित गर्ग

# एसएसपी ने बड़े पैमाने पर भाटापारा थाना के आरक्षकों को हटाया

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** भाटापारा क्षेत्र मे बिगड़ती कानून व्यवस्था को मददेनजर रख वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने भाटापारा शहर व ग्रामीण थाना मे पदस्थ पुलिस आरक्षको का थोक के भाव मे तबादला किया है व उनके स्थान पर नये लोगों को स्थानांतरित कर पदस्थ किया है स्थानांतरित कर्मचारियों को तत्काल ही नये स्थान पर पदभार ग्रहण करने कहा गया है। भाटापारा शहर थाना मे पदस्थ प्रीतम सिंग अनंत को लवन, सत्यम यादव को पुलिस चैकी बया, यादनाथ नेताम को रिजर्व केन्द्र बलौदाबाजार, दिलीप नारायण यादव को पुलिस चैकी बया, उमेश वर्मा को राजा देवरी, अर्पित एक्का को सोनाखान, संतोष भगत को गिधौरी, त्रिलोकीनाथ वर्मा को राजा देवरी, राहुल यादव को सोनाखान, महेन्द्र साहू को राजा देवरी, सीताराम ध्रुव को राजा देवरी, दुर्गेश साहू को गिधौंरी, टिकेश्वर साहू को सोनाखान, दिनेश नेताम को गिधौरी, रविप्रकाश कंवर को कसडोल, ईश्वर यादव व बसंत पन्ना तथा जीतराम पटेल को रिजर्व केन्द्र बलौदाबाजार स्थानांतरित किया गया है इसी प्रकार इंन्द्र सोनी को ग्रामीण थाना से सोनाखान तथा ग्रामीण थाना मे पदस्थ खुमलाल साहू, द्वारिका साहू को कसडोल सुरेश गुप्ता व उमेश चंन्द्रवंशी को रिजर्व केन्द्र बलौदाबाजार, आशुतोष बंजारे को कसडोल, रवि बंजारे को गिधौरी एवं राकेश शर्मा को सीसीटीएनएस कार्य हेतु राजा देवरी एवं कुबेर वर्मा नंदकुमार कुर्रे को कसडोल भेजा गया है। उक्त पुलिस कर्मियों के स्थान पर थाना राजा देवरी के हरिप्रसाद यादव, पिंटू कुमार घोष, अजय कैवर्त्य को भाटापारा शहर पदस्थ किया गया है इसी प्रकार शंकर लाल नेताम सोनाखान चैकी से भाटापारा शहर पदस्थ किये गये है इसी तरह मनोज यादव, हरिशंकर पैकरा, संजय कैवर्त्य, रामेश्वर पटेल, उषाकुमार पटेल, आनंदराम कैवर्त्य, प्रियेंकर रात्रे, संतोष पाटले, अशोक साहू, राजेन्द्र साहू, सूरज पाटले व भीमेन्द्र पैकरा को लवन से भाटापारा स्थानांतरित किया गया, राजेन्द्र साहू थाना लवन, हेमंत पटेल, थाना पलारी को भी भाटापारा तबादले पर भेजा गया इस तरह भाटापारा पुलिस प्रशासन मे निचले स्तर पर अमूल चुल परिवर्तन किया गया है। थाना राजा देवरी मे पदस्थ प्रधान आरक्षक यशवंत सिंग ठाकुर को भाटापारा शहर पदस्थ किया गया।



# साजा में संघ का हुआ पथ संचलन

## सैकड़ों स्वयं सेवक दंड लेकर निकले

**थानखम्हरिया।** 19 अक्टूबर को साजा में राष्ट्रीय स्वयं सेवक का पथ संचलन हुआ जिसमें सैकड़ों गणवेशधारी स्वयं सेवकों ने भाग लिया। संचलन सरस्वती शिशु मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों से होता हुआ बाजार चौक पहुँचा। यहॉ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेश तिवारी, मुख्य वक्ता राम मुरारी यादव, विभाग बौद्धिक प्रमुख गंगाधर यादव की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत भारतमाता की पूजा आरती से की गई। मुख्य वक्ता ने कहा कि सनातन का प्रत्येक पर्व हमें ऊर्जा प्रदान करता है। हम अपने लिए नहीं संसार के लिए जीते हैं। चेतना ही ऊर्जा का संचार करती है। आप सभी देश के एक मजबूत स्तंभ हैं हम सबको राष्ट्र, भारतीय संस्कृति की चिंता करनी चाहिए। जब-जब हमने सत्य की पूजा की विजय प्राप्त की। भारत में ऐसा कोई क्षेत्र नहीं जहॉ हमारे वीरों का प्रादुर्भाव न हुआ हो। बिना युद्ध किये सनातन की रक्षा नहीं हो सकती। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ दुनिया का इकलौता सामाजिक संगठन है जो विषम परिस्थितियों में सहायता करता है। यह अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरा कर रहा है। इतनी लंबी यात्रा के बावजूद आज भी अपने सिद्धांतों से डिगा नही है। इसका गठन विजयदशमी के दिन 1925 में नागपुर में किया गया था। संघ ने राष्ट्र निर्माण में हमेशा अपनी महती भूमिका निभायी है। संघ के अनुशासन ने धीमे-धीमे बच्चों से लेकर युवा पीढ़ी को आंतरिक रूप से प्रभावित किया है। संघ ने अपनी हर सेवा को राष्ट्र और समाज निर्माण के कर्तव्यों का बोध कराया है जिसकी बानगी आरएसएस संगठन की लगातार बढ़ती संख्या से स्पष्ट होती है। पथ संचलन के दौरान नागरिकों द्वारा जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई। भारत माता की जय का उद्घोष कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर विधायक ईश्वर साहू, पूर्व विधायक लाभचंद बाफना, राकेश जोशी, विश्वनाथ साहू, तोरण सिंह, मूलचंद शर्मा, अनिल सिंघानिया, हरिशंकर टावरी, नूतन साहू सहित सैकड़ों स्वयंसेवक उपस्थित थे।





# लिमतरा-भाटापारा-बलौदाबाजार मार्ग राष्ट्रीय राजमार्ग बनेगा - इन्द्र साव

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** क्षेत्रिय विधायक इंन्द्र साव ने विगत दिनो अपने दिल्ली प्रवास के दौरान केन्द्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितीन गड़करी से मुलाकात करते हुये लिमतरा-नांदघाट भाटापारा-बलौदाबाजार कुल 45 किलोमीटर मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ने का अनुरोध करते हुये यह कहा था कि भाटापारा क्षेत्र को उक्त सड़क से जोड़ने के कारण औद्यौगिक विकास मे बल मिलेगा। इंन्द्र साव के उक्त अनुरोध पर केन्द्रीय मंत्री गड़करी ने सहानुभूति पूर्वक उक्त मांग पर विचार करने का भरोसा दिया था और इंन्द्र साव के जायज मांग को गड़करी ने प्राथमिकता देते हुये उसे पूर्ण कर दिया है। जिसको लेकर क्षेत्र मे हर्ष का माहौल बन गया है। कांग्रेस विधायक इंन्द्र साव ने नांदघाट-भाटापारा-बलौदाबाजार मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ने एवं राष्ट्रीय राजमार्ग की तरह मजबूत बनाकर उसे राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किये जाने का स्वागत करते हुये केन्द्रीय मंत्री के प्रति आभार प्रकट किया है। इंन्द्र साव की उपरोक्त पहल का उनके समर्थको ने स्वागत करते हुये केन्द्रीय मंत्री व विधायक को बधाई दी है जिसमे शैली भांटिया, मुकेश साहू, गोपाल शर्मा, दिवाकर मिश्रा, जितू शर्मा, अरूण यदू, अशोक ध्रुव व अमर मंडावी सहित अन्य लोग शामिल है।



## संक्षिप्त समाचार

# महाविद्यालय में कैच द रैन के तहत कार्यक्रम किया गया



**भाटापारा।** शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय मे पेयजल समिति द्वारा जल शक्ति अभियान कैच द रैन अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें निबंध, रंगोली, पोस्टर एवं स्कीट प्रतियोगिता कराये गये। उक्त प्रतियोगिता प्राचार्य डॉ. अनिता सरीन के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। जिसमें संयोजक पेयजल समिति डॉ. शशि किरण कुजूर, डॉ. प्रीति सोनी, श्री रोहन अग्रवाल एवं प्रभारी प्राची अग्रवाल, डॉ. मनीष कुमार, श्रुति शुक्ला, पूणिर्मा चंदेल सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं ने अपनी सहभागिता दी।

# भाटापारा में राम राज्याभिषेक का मंचन हुआ




**भाटापारा।** शहर के 105 वर्ष पुराने आदर्श रामलीला नाटक मंडली के सदस्यों ने इस वर्ष के अपने अंतिम मंचन मे रामलीला मैदान पुराना गंज सभा स्थल पर राम राज्य अभिषेक एवं दानी मोरध्वज का मंचन किया। इस दौरान मर्यादा पुरूषोत्तम श्री राम की राज्याभिषेक का भव्य झांकी प्रस्तुत किया गया वहीं राज्याभिषेक के पश्चात मार्मिक कथा पर आधारित दानी राजा मोरध्वज की नाटक की प्रस्तुति की गई जिसमे प्रस्तुत नाटक राजा मोरध्वज एवं रानी तारावती के द्वारा अपने पुत्र को आरे से चीरने की मार्मिक दृष्य ने दर्शको के आंखो मे आंसू छलकाने मजबूर कर दिये उक्त नाटय मंचन मे राजा मोरध्वज अभिनय के रूप मे कोमल शर्मा के अभिनय की लोगो ने जमकर तारीफ की उपरोक्त मंचन मे धर्मपाल सोनी, हर्ष गुप्ता, अक्षत जोशी, काव्याशं शर्मा, आयुष तिवारी, लव शर्मा, शुभ केशरवानी, सागर जायसवाल, लक्ष्य चैरसिया सहित अन्य कलाकारो ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान एसडीएम नितीन तिवारी, नगर निरीक्षक परिवेश तिवारी के अलावा शांति भूषाणिया, उषा, कविता शर्मा, संगीता चैरसिया सहित अनेक लोग भी मौजूद थे।

# शिवरतन के प्रयास से भाटापारा पालिका को करोड़ों की सौगात

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही लगतार क्षेत्र में भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा के प्रयासों से करोड़ो के निर्माण कार्यों की स्वीकृति राज्य सरकार द्वारा दी जा रही है। इसी कड़ी में शिवरतन शर्मा की पहल से नगर पालिका को वित्तीय वर्ष 2024-25 में निकाय क्षेत्रांतर्गत नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग से अधोसंरचना मद में 38 निर्माण कार्यों हेतु अधोसंरचना मद से स्वीकृति मिली है। इन निर्माण कार्यो के लिए नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा 02 करोड़ 80 लाख 73 हजार रूपए की राशि स्वीकृत की गयी है। भाजपा सरकार बनने के बाद से नगर पालिका के अब तक लगभग 10 करोड़ की राशि शिवरतन शर्मा के प्रयासों से प्राप्त हो चुकी है.. उक्त स्वीकृति के लिए उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव के प्रति धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नगर हो या ग्राम भाटापारा विधानसभा में भाजपा सरकार द्वारा ही विकास कार्य करवाये गए है और आगे भी विकास कार्य भाजपा सरकार द्वारा ही करवाये जाएंगे. क्षेत्र में विकास कार्य निरंतर हो यह मेरी प्राथमिकता थी और है, हमारी सरकार सबका विकास सबका साथ सबके विश्वास पर ही कार्य करती है इसी का परिणाम है कि सरकार बनने के 10 माह में ही भाटापारा में चारो ओर विकास कार्य स्वीकृत हो रहे है. और आगे भी विकास कार्यो की गति चलते ही रहेगी.श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड में फिल्टर प्लांट में शेड निर्माण कार्य 20.86 लाख, हथनी पारा वार्ड में नाका नम्बर 1 से महारानी चैक तक दोनों ओर आर सीसी नाली कवर निर्माण 9.73 लाख, महावीर वार्ड में बोधनी बाई के घर से पुराना चीर घर तक सीसी रोड 5.22 लाख, महावीर वार्ड बाघमार गुरुजी के घर से मेन रोड तक सीसी रोड 2.60 लाख, सुभाष वार्ड में एस एल आर एम सेंटर में मशीनरी स्थापना हेतु शेड निर्माण 20.86 लाख, सुभाष वार्ड एस एमआरएल सेंटर में आहाता निर्माण 10.65 लाख, सुभाष वार्ड चंदन कटारे के घर से पुरन साहू के घर तक सीसी रोड टॉप निर्माण 12.48 लाख, ईश्वरी



प्रसाद धुरंधर वार्ड में डॉ निहलानी के घर से संजय शाह के घर तक आर सी सी नाली निर्माण 1.72 लाख, ईश्वरी प्रसाद धुरंधर वार्ड में पकलु साहू के घर से शिव मंदिर होकर दौपति वर्मा के घर तक सीसी रोड निर्माण 4.43 लाख, शासकीय बहुद्देश्यीय उच्च माध्य विद्यालय में खेल मैदान निर्माण 5.74 लाख, नगर पालिका कार्यालय परिसर में अतिरिक्त कक्ष निर्माण 15.61 लाख, परसुराम वार्ड में चार स्थानों पर सीसी रोड निर्माण 17.81 लाख, परसुराम वार्ड में तरेंगा मेन रोड से बाजपेयी के प्लाट तक आरसीसी नाली निर्माण एवं सीसी रोड निर्माण 7.08 लाख, गांधी मंदिर वार्ड प्रतिमा अवस्थी के घर से रविन्द्र शर्मा के घर तक सीसी रोड निर्माण 3.94 लाख, शंकर वार्ड मल गली के पीछे सीसी रोड निर्माण 2.72 लाख, सदर वार्ड जमाद खाना गली में सीसी रोड निर्माण 5.66 लाख, संजय वार्ड में श्रीचंद जैन के घर से सोनी के घर तक आरसीसी नाली निर्माण 6.22 लाख, बलभद्र वार्ड बब्बू हॉटल से छाबड़ा के घर तक सीसी रोड निर्माण 6.28 लाख, नयागंज वार्ड कमल दलाल के घर से भानुशाली के घर तक नाली निर्माण 05.12 लाख, भगत सिंह वार्ड इस्माइल के घर से चतुर्वेदी के घर तक स्लैब निर्माण 1.52 लाख, भगत सिंह वार्ड हीरा के घर से दानी के घर तक सीसी रोड निर्माण 0.79 हजार, गुरुनानक वार्ड रेखा के घर से राजिम के घर तक सीसी रोड निर्माण 3.19 लाख, गुरुनानक वार्ड जगजीवन के घर से पार्षद के घर तक सीसी रोड 3.22 लाख, रामसागर वार्ड ओवरब्रिज से धनी राम यदु के घर तक सीसी रोड टॉप कार्य 13.67 लाख, रामसागर वार्ड बिहारी यदु के घर से हनुमान मंदिर तक रोड निर्माण 9.80 लाख, मुंसी इस्माइल वार्ड रमेश वर्मा के घर से पुलिया तक रोड़ निर्माण 4.86 लाख, सूरदास मंदिर से झरना तक रोड निर्माण 3.08 लाख, चंदेरी सेन के घर से सौरापारा तक रोड निर्माण 1.98 लाख, वीरनारायण सिंह वार्ड शिव प्रसाद के घर से द्वारिका के घर तक रोड ,नाली निर्माण 1.49 लाख, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड किराना दुकान से नायक घर तक रोड निर्माण 3.36 लाख, बजरंग वार्ड दीपक के घर से भरत के घर तक सीसीरोड टॉप कार्य 10.92 लाख, बजरंग वार्ड डॉ भृगु के घर से शेरुमल के घर तक सीसीरोड टॉप 5.77 लाख, स्टेशन वार्ड गणेश के घर मशीह के घर तक रोड एवं नाले में स्लैब निर्माण 8.75 लाख, स्टेशन वार्ड ठाकुर के घर से क्रिशचन मुक्तिधाम तक नाली एवं स्लैब निर्माण 4.71 लाख, दीनदयाल वार्ड एस एल आर एम सेंटर में ई रिक्शा चार्जिंग पॉइंट हेतु शेड निर्माण 20.86 लाख, दीनदयाल वार्ड लखन वर्मा के घर से स्कूल तक रोड निर्माण 6.59 लाख,लखन कांत के घर से कुंजराम के घर तक रोड निर्माण 2.33 लाख, टोहडीघाट इंटकवेल परिसर में आहाता निर्माण 9.11 लाख की स्वीकृति प्राप्त कर ली गई है।

# रेल यात्रियों को रेल प्रशासन द्वारा एलएचबी कोच की सुविधा

## आजाद हिन्द सुपर फास्ट एक्सप्रेस में पहली सुविधा 15 फरवरी से मिलेगी

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** रेल प्रशासन द्वारा रेल यात्रियों को सुरक्षित एवं आरामदायक रेल यात्रा सुलभ कराये जाने की दिशा मे निरंतर प्रयास किया जा रहा है। उपरोक्त संबंध मे रेल्वे सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार दक्षिण पूर्व मध्य रेल मार्ग पर चलने वाली तमाम यात्री ट्रेनो मे समयबद्ध व योजनाबद्ध ढंग से वर्तमान मे चल रहे विभिन्न रेल यात्री ट्रेनो के पुराने कोच के स्थान पर ज्यादा सुरक्षित आरामदायक व सुविधाजनक नई तकनीक से युक्त एचएलबी कोच की सुविधा यात्री हित मे उपलब्ध करायी जायेगी एलएचबी कोच रेल यात्रियों के लिये काफी आरामदायक व सुविधायुक्त होता है रेल परिचालन के हिसाब से एचएचबी कोच काफी सुरक्षित माना जाता है साथ हीं एचएचबी कोच को वर्तमान मे यात्री ट्रेनो मे चल रहे सामान्य कोच की अधिकतम गति 130 किलोमीटर की अपेक्षा 160 किलोमीटर की अधिकतम गति के हिसाब व अनुकूल बनाया गया है एलएचबी कोच मे वर्तमान कोच की तुलना मे ज्यादा स्थान होने से बर्थ की संख्या भी अधिक होती है जिससे रेल यात्रियों को अधिकाधिक बर्थ उपलब्ध कराने मे सुविधा मिल सकेगी। एलएचबी कोच मे दाय बांये मूवमेंट के लिये सस्पेंशन का प्रयोग किया गया है साथ हीं उक्त कोच मे हाईड्रोलिक सस्पेंशन का उपयोग किया गया है जिससे रेल यात्रियों को यात्रा के दौरान आराम दायक सफर का




अनुभव मिल सकेगा। उक्त सुविधाओं वाले एलएचबी कोच ट्रेन क्रमांक 12129द12130 पुणे हावडा व हावड़ा पुणे के बीच चलने वाली आजाद हिंद एक्सप्रेस मे उपलब्ध कराने रेल प्रशासन कृत संकल्पित है व आगामी 15 फरवरी 2025 से ट्रेन संख्या 12130 हावड़ा पुणे सुपर फास्ट आजाद हिंद एक्सप्रेस एवं आगामी 17 फरवरी 2025 पुणे हावड़ा सुपर फास्ट आजाद हिंद एक्सप्रेस ट्रेन मे उपलब्ध रहेगी जिससे रेल यात्री उक्त ट्रेन मे आरामदायक ढंग से सफर तय कर सकेंगे।

# पटाखा दुकानदारों को नियम व शर्तों का पालन करना होगा

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** दीपावली त्यौहार मे अब जबकि गिनती के दिन बाकी है ऐसे मे नगर मे छिट पुट रूप से जगह जगह बिक रहे पटाखों के विरूद्ध कार्यवाही जरूरी हो गया है वहीं शासन की ओर से दीपावली के अवसर पर लगाये जाने वाले पटाखा दुकानो के स्थाई व अस्थाई किस्म के छोटे बडे सभी पटाखा दुकानो व संचालको के लिये दिशा निर्देश जारी किये गये है जिसमे निर्धारित मापदंण्ड व शर्त को पूरा करते हुये दुकान संचालन के निर्देश दिये गये है। जिसमे दुकानदारो को अपने दुकान के बाहर सबसे पहले एम्बुलेश व फायर ब्रिगेड वाले विभाग का फोन नंबर अपने दुकान के बाहर चस्पा करना होगा वहीं लगाये जाने वाले पटाखा दुकान मे किसी भी किस्म के ज्वलशील पदार्थ जैसे कि टेंट, बांस, रस्सी व कपड़ा से नहीं होनी चाहिये। पटाखा दुकान के सामने कार पार्किंग व बाईक एवं अन्य दुपहिया वाहनो का पार्किंग बनाना प्रतिबंधित रहेगा इसी तरह लगने वाले पटाखा दुकान अज्वलनशील सामाग्री से निर्मित होना चाहिये खासकर पटाखा दुकान टीन शेड मे होनी चाहिये साथ हीं पटाखा दुकान के सामने 200 लीटर क्षमता के पानी के ड्रम की व्यवस्था करते हुये बाल्टियों की भी व्यवस्था होनी चाहिये पटाखा दुकानो कम से कम तीन मीटर की दूरी रखना अनिवार्य है इसके अलावा पटाखा दुकान एक दूसरे के सामने नहीं होनी चाहिये पटाखा दुकान मे पांच किलोग्राम क्षमता का डीसीपी अग्निशमन यंत्र होना अनिवार्य किया गया है पटाखा दुकान मे लाईटिंग व्यवस्था के लिये तेल के लैम्प, गैस लेम्प और खुली बिजली वाले बत्ती का उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया है। पटाखा दुकान मे यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि कोई भी पटाखा दुकान किसी भी विद्युत ट्रांस फार्मर के



पास नहीं होनी चाहिये। पटाखा दुकान के उपर से हाई टेंशन पावर लाईन नहीं गुजरनी चाहिये पटाखा दुकान से पचास मीटर के दायरे मे किसी भी प्रकार का पटाखा फोड़ना व आतिशबाजी करना प्रतिबंधित रहेगा विद्युत तारों के ज्वाइंट खुले नहीं होने चाहिये और प्रत्येक मास्टर स्वीच फ्यूज या सर्किट ब्रेकर होना चाहिये इसी तरह प्रदूषण नियंत्रण के उददेश्य से पटाखा दुकानो मे 125 डेसीबल से अधिक आवाज के पटाखा बेचना प्रतिबंधित रहेगा अधिक डेसीबल वाले पटाखा बेचते पाये जाने पर लाईसेंस रदद करने व संबंधित पटाखा विक्रेता के विरूद्ध कडी कार्यवाही करने का प्रावधान रखा गया है। पटाखा दुकान के लिये स्थाई पटाखा दुकान को चार सौ किलो व अस्थाई पटाखा दुकान को 100 किलो पटाखा रखने की अनुमति रहेगी इससे ज्यादा स्टाक रखने पर प्रशासन की ओर से संबंधित दुकानदारो के विरूद्ध कार्यवाही का प्रावधान भी रखा गया है।

उदयपुर के परसा-केंते क्षेत्र में जंगलों की कटाई के विरोध में हुई ग्रामीणों और पुलिस के बीच हिंसक झड़प

# जिला पंचायत उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने ग्राम साल्हि जाकर प्रभावितों से मुलाकात कर उन्हें समर्थन का आश्वासन दिया है

ब्यूरोचीफ पंकज शुक्ला



उदयपुर के परसा-केंते क्षेत्र में जंगलों की कटाई के विरोध में हुई ग्रामीणों और पुलिस के बीच हिंसक झड़प की जानकारी के बाद आज जिला पंचायत उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने आज ग्राम साल्हि जाकर प्रभावितों से मुलाकात कर उन्हें समर्थन का आश्वासन दिया है।

पूर्व उपमुख्यमंत्री श्री टी एस सिंहदेव के महाराष्ट्र चुनाव में पार्टी द्वारा दी गई जिम्मेदारी के कारण प्रदेश से बाहर होने के कारण उनके निर्देश पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने आज इस क्षेत्र का दौरा किया। ग्रामीणों ने उन्हें यह जानकारी दी कि गुरुवार की सुबह बिना किसी पूर्व सूचना के भारी पुलिस बल के साथ साल्हि, फतेहपुर और हरिहर में वनभूमि के साथ ही राजस्व भूमि पर पेड़ों की कटाई प्रारंभ कर दी गई। ऐसी भूमि पर भी कटाई की जानकारी ग्रामीणों ने दी जिनपर मुआवजा ही नहीं लिया गया था। प्रशासन के द्वारा बलपूर्वक कटाई के कारण वृक्षों के खेतों में गिरने से फसलों को भी भारी नुकसान की जानकारी ग्रामीणों ने दी। ग्रामीणों का कहना था कि जब वे शान्ति पूर्वक इसका प्रतिवाद कर रहे थे तब पुलिस ने उन्हें बलपूर्वक खदेड़ना प्रारंभ किया। इस दौरान ग्रामीणों पर लाठीचार्ज किया गया और टियर गैस फेंका गया। महिलाओं की पुरूष पुलिसकर्मियों ने पिटाई की। जिला पंचायत उपाध्यक्ष जिस जगह पर ग्रामीणों के दल से मिले वहाँ मौजूद कई ग्रामीण जिनमे महिलाएं भी थी वो घायल अवस्था में मिली। उन्हें इलाज उपलब्ध नहीं था। इसपर जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने कलेक्टर से चर्चा कर गांव में स्वास्थ्य कैम्प लगाने का अनुरोध किया जिसपर कलेक्टर द्वारा शनिवार 11 बजे से गांव में कैम्प लगाने का आश्वासन दिया है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने बिना मुआवजा वाले राजस्व भूमि के अधिग्रहण और वनाधिकार पट्टा से संबंधित प्रभावित को लेकर भी कलेक्टर से चर्चा की, जिसमें कलेक्टर ने जांच का आश्वासन दिया है। ऐसे ग्रामीण जिनकी फसल पेड़ कटाई में प्रभावित हुई है उन्हें भी मुआवजे को लेकर उन्होंने कलेक्टर से चर्चा किआ हैं। मुलाकात के दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने ग्रामीणों की चर्चा मोबाईल के माध्यम से पूर्व उपमुख्यमंत्री से भी कराई। जिसमें पूर्व उपमुख्यमंत्री ने ग्रामीणों को पूर्ण सहयोग और समर्थन देने का आश्वासन दिया। दौरे के दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष से अडानी के वे कर्मचारी भी मिले जिन्हें जमीन के बदले नौकरी मिली थी। उनकी चिंता थी कि पेड़ों की कटाई रुकने से खदान का विस्तार प्रभावित होगा और खदान बंद हो जाएगा, जिससे उनकी आजीविका भी प्रभावित होगी। सभी ग्रामीणों को सुनने के बाद उन्होंने यह को कहा कि प्रशासन को बलपूर्वक करवाई करने से बचना चाहिए। बिना ग्रामीणों की सहमति के बलपूर्वक करवाई स्वीकार नहीं है। भविष्य में ऐसा न हो इस बात की हिदायत उन्होंने मीडिया के मध्यम से दी है।

धरने पर बैठने की चेतावनी के बाद प्रशासन ने मिलने की अनुमति दी कटाई का विरोध कर रहे ग्रामीण ग्राम साल्हि के जिस क्षेत्र में थे वो पूरा इलाका पुलिस बल के घेरे में था। प्रशासन इस क्षेत्र में जिला पंचायत उपाध्यक्ष के साथ ही कॉग्रेस के कार्यकर्ताओं को जाने से रोक रहा था। फिर जिला पंचायत उपाध्यक्ष के द्वारा धरने पर बैठाने की चेतावनी देने के बाद प्रशासन ने कुछ 7 लोगों को ग्रामीणों तक जाने की इजाजत दी। इसके बाद जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री आदित्येश्वर शरण सिंहदेव, श्रम कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष मो शफ़ी अहमद, प्रदेश महामंत्री श्री द्वितेन्द्र मिश्रा, राजनाथ सिंह, ओमप्रकाश सिंह, नीरज मिश्रा करीब 3 कि मी पैदल चलकर ग्रामीणों से मिले।

## शनिवार कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष करेंगे दौरा

शनिवार को कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष श्री दीपक बैज प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर ग्रामीणों से मुलाकात करेंगे। वे 1 बजे दोपहर में ग्राम साल्हि पहुचेंगे ओर प्रभावित ग्रामीणों से मुलाकात कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी लेंगे।

# वरिष्ठ समाजसेवी अशोक गोयल को मातृ शोक, माता चमेली देवी का हुआ निधन



रायपुर।

छत्तीसगढ़ प्रदेश के वरिष्ठ समाजसेवी अशोक गोयल (स्वर्णभूमि रायपुर) की पूज्य माताजी चमेली देवी अग्रवाल धर्म पत्नी लखीराम अग्रवाल का आकस्मिक निधन दिनांक-15 अक्टूबर 2024 दिन-मंगलवार को हो गया था, जिनकी अंतिम संस्कार यात्रा दिनांक- 15 अक्टूबर 2024 दिन- मंगलवार को उनके गृह निवास श्री अग्रसेन मार्ग अंबिकापुर से निकली, तथा अंबिकापुर के मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार हुआ, चमेली देवी अग्रवाल कैलाश अग्रवाल, अशोक गोयल, डॉक्टर सुनील अग्रवाल, एवम दिनेश गोयल की पूज्य माताजी थी, तथा चमेली देवी अग्रवाल के निधन पर छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच, छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन, अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महा सम्मेलन, वैश्य वर्ल्ड फाउंडेशन, स्वर्ण भूमि परिवार रायपुर सहित विभिन्न संगठनों ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है, चमेली देवी अग्रवाल मृदुभाषी, मिलनसार, धर्म परायण महिला थी तथा वे अग्रवाल सभा अंबिकापुर के पूर्व अध्यक्ष समाजसेवी लक्खीराम अग्रवाल जी की धर्म पत्नी थी।

' क्रांतिरथ छत्तीसगढ़' परिवार की भावभीनी श्रद्धांजलि।

तुलसी वर्षा के बाद भागवत कथा का समापन

# कथा मनुष्य को जीवन जीने की कला सिखाती है- पं. नारायण महाराज जी

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया



**थानखम्हरिया।** अंतिम दिवस में तुलसी वर्ष के महत्व को समझाते हुए कथाव्यास ने बताया कि जिस घर में तुलसी होती है वहां यम के दूत भी नहीं जा सकते, गंगा नर्मदा के जल में स्नान तथा तुलसी वर्षा का पूजन बराबर माना जाता है चाहे मनुष्य कितना भी पापी क्यों ना हो अंतिम समय में जिसके प्राण मंजरी युक्त तुलसी और गंगाजल मुख में रखकर निकल जाते हैं वह पापों से मुक्त होकर बैकुंठ धाम को प्राप्त होता है राधा कृष्ण जमात मंदिर में 11 अक्टूबर से प्रारंभ कथा पश्चात अंतिम दिवस तुलसी वर्ष के बाद विश्राम हो गया फिर दौरान श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया मंदिर प्रांगण में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास राधे कुंज आश्रम श्री नारायण महाराज जी ने कहा कि परमात्मा अंतर्यामी होते हैं उनसे कुछ नहीं छुपा है ईश्वर दिखावे के नहीं भाव के भूखे होते हैं इसलिए हमें पूजन श्रद्धा भाव और मन से करना चाहिए सभी पूजन फलीभूत होता है आगे आपने कहा जो परमात्मा को पूरा श्रद्धा से पूजते हैं श्रद्धा सदा उनकी रक्षा करते हैं तुलसी वर्षा पर प्रकाश डालते हुए महाराज जी ने कहा मनुष्य को अपने कल्याण के लिए सत्कर्म करते रहना चाहिए कथा मनुष्य जीवन जीने की कला सिखाती है हमें जीवन में भागवत कथा अवश्य सनी चाहिए इससे पूर्वजों का भी उद्धार होता है घर-घर तुलसी होना चाहिए।



# ग्राम पंचायत टेढ़ी में सरपंच/सचिव के ऊपर लाखों के भ्रष्टाचार का आरोप, संयुक्त कलेक्टर बेमेतरा से प्रकाश भारद्वाज पहुंचे

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखम्हरिया।** विगत दिवस दिनांक 16/10/24 को ग्राम पंचायत टेड़ी कांपा में जिला कलेक्ट्रेट बेमेतरा से संयुक्त कलेक्टर श्री प्रकाश भारद्वाज, साथ में धिरेन्द्र कश्यप उपअभियंता श्री विष्णु साहू स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, टीकमचंद वर्मा पहुंचे थे। ग्रामीणों द्वारा सरपंच सचिव के ऊपर 70-80 लाख रूपये की राशि बिना निर्माण 14वे 15वे वित्त की राशि का गबन करने के संबंध में शिकायत मिले थे। सभी ग्रामवासी, पंच के सामने रोकड़-बही प्रस्ताव कापी तथा पंचो की फर्जी हस्ताक्षर किये गये थे जिसका समीक्षा कलेक्टर द्वारा दिया गया। जिसमें कई ट्रेडर्स का बिल लगाया गया है। बिना कार्य के फर्जी बिल लनाया गया जिसमें थानखम्हरिया, साजा, बरगा भैसामुड़ा का ट्रेडर्स के नाम से बिल लगा है यह ग्रामीणों द्वारा फर्जी बताया गया है कोरोना काल में अपने परिवार के नाम से 2-3 लाख रुपये आहरण किये है। मोटरपंप, 30-40 नग निकाला है। सोलर उर्जा लाइट में भी बिना प्रस्ताव फर्जी, साप्ताहिक हाजरी मजदूरो के नाम से फर्जी हस्ताक्षर कर राशि 70-80 लाख रुपये निकाल लिये है। कलेक्टर में जल्दी निराकरण कर दोषियो पर उचित कार्यवाही करने की सुलह ग्रामीणो को दी है। ग्रामीणों में तोषु वर्मा, रोहित, राजकुमार रमेश, भुपसिंह, ओंकार, जलेश्वर, रामेश्वर, रामवतार, दोन्ड, बिसनाथ साहु, रोहित साहू, पीलु, रामस्वरूप लेख उपस्थित थे।




### टेड्रर्सों के बिलों पर भी उठ रहे सवाल

*ग्रामीणों का कहना है कि जिस हिसाब से पंचायत के द्वारा बिल लगाया गया है उन सबके हिसाब से सामाग्री हवा में ही दिखाई दे रहा है। ग्रामीणों ने फर्जी बिल लगाने वाले टेंडर्स मालिकों पर भी सत्यता की जांच करते हुए कार्यवाही की अपील की है।*

### जनपद अधिकारी की मिलीभगत की आशंका

*आवेदको के अनुसार जांच करते यह चौथा बार हुआ है लेकिन आज तक आरोपी के विरूद्ध कोई भी कार्रवाई नही हो पायी है जिनके कारण आवेदकों ने जनपद साजा के संबंधित अधिकारियों पर भी मिलीभगत की आशंका जाहीर की है।*

# अवैध मादकद्रव्य नशीली इंजेक्शन की तस्करी के विरुद्ध रामानुजगंज पुलिस की बड़ी कार्यवाही

## मोटरसाइकिल में 188 नग प्रतिबंधित नशीली इंजेक्शन की तस्करी करते 1 तस्कर गिरफ्तार

ब्यूरोचीफ पंकज शुक्ला

**रामानुजगंज।** पुलिस अधीक्षक बलरामपुर रामानुजगंज श्रीं वैभव बैंकर द्वारा समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को नशीली पदार्थ, अवैध शराब तथा अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने वाले अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही व सघन चेकिंग अभियान करने हेतु निर्देशित किया गया है ! जिसपर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री शैलेन्द्र पाण्डेय, अनुविभागीय अधिकारी रामानुजगंज श्री याकूब मेनन के प्रवेक्षण में थाना प्रभारी रामानुजगंज को दिनांक 17/10/2024 को मुखबीर से झारखंड तरफ से अवैध नशीली इंजेक्शन का परिवहन की सुचना प्राप्त हुई जिस पर अविलम्ब थाना रामानुजगंज पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए रिंग रोड कर्बला के पास बल तैनात कर संदिग्ध वाहनो की जांच की जा रही थी तभी 01 प्लसर मोटरसाइकिल जिस पर मुखबिर के बताये हुलिया अनुसार व्यक्ति सवार था जिसकी गतिविधि संदेहास्पद थी जिसे हमराह पुलिस बल के द्वारा समक्ष ग्वाहो के विधिनुसार मोटरसायकल सवार व्यक्ति को रुकवा कर नाम पता पूछने पर अपना नाम राहुल कश्यप पिता राजकुमार कश्यप निवासी रामानुजगंज बताया जिसे कानूनी प्रकियावो का पालन करते हुवे उपस्थित गवाहों के समक्ष संदेही के पास रखे झोला को चेक करने पर विभिन्न कागज के डब्बो में कुल 188 नग प्रतिबंधित इंजेक्शन मिला जिसका परिवहन किये जाने पर आरोपी के विरूद्ध अपराध धारा सदर का अपराध पाए जाने पर थाना रामानुजगंज में अपराध क्रमांक 185/2024 धारा 21(C) एनडीपीएस एक्ट कायम कर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायलय पेश कर जेल भेजा गया है।





नशीला इंजेक्शन की तस्करी के मामले में कार्यवाही

# दूसरा आरोपी गिरफ्तार अभी तक 5 आरोपियों को किया गया है गिरफ्तार

ब्यूरोचीफ पंकज शुक्ला



**सरगुजा।** प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन की तस्करी के मामले मे शामिल आरोपियों पर सरगुजा पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है इसके साथ ही माल सप्लाईकर्ता, परिवहनकर्ता के साथ साथ स्थानीय स्तर पर नशीले इंजेक्शन की बिक्री करने वाले आरोपियों पर भी सख्ती से कार्यवाही की जा रही हैं, इसी क्रम मे थाना गांधीनगर पुलिस टीम द्वारा पूर्व में चठिरमा रोड मे वाहनों की सघन जांच के दौरान लटोरी तरफ से आ रही सफेद रंग की ऑल्टो कार क्रमांक जेएच/01/डीसी/3645 के चालक (01) पंकज धर दुबे आत्मज विनोद धर दुबे 28 वर्ष साकिन अचला नवाडीह थाना गढ़वा झारखण्ड के कब्जे से अलग अलग कार्टून मे कुल 3000 नग अवैध प्रतिबंधित नशीला इंजेक्शन कुल मात्रा 18000 मिलीलीटर कीमत 10 लाख रुपये आरोपी के कब्जे से जप्त किया गया था। पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपी पंकजधर दुबे से जप्त प्रतिबंधित नशीला इंजेक्शन के सम्बन्ध में पूछताछ एवं माल सप्लाईकर्ता के बारे मे पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी (02) संतोष कुमार महतो उम्र 49 वर्ष साकिन रजडेरवा डाल्टेनगंज जिला पलामु झारखण्ड के ज्योति मेडिकल दुकान चंदवा लातेहार एवं (03) पंकज कुमार सिंह 42 वर्ष साकिन ग्राम बेनी माली औरंगाबाद बिहार हाल मुकाम नबीनगर औरंगाबाद बिहार के भारत मेडिकल नबीनगर औरंगाबाद से सम्पर्क कर नशे का इंजेक्शन व दवा लाकर अम्बिकापुर में खपाना बताया था। स्थानीय स्तर पर नशीले इंजेक्शन की बिक्री करने वाले आरोपी (04)मो गुरफ़ान सिद्दीकी उम्र 45 वर्ष साकिन पुराना नगर निगम के पास ईमलीपारा थाना कोतवाली कों गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा गया था, मामले में इंजेक्शन खपाने में मो. अमीन खान की भी संलिप्तता सामने आई थी, पुलिस टीम द्वारा मामले में शामिल आरोपी मो अमीन खान उर्फ़ बाबू 45 वर्ष साकिन ईमलीपारा थाना कोतवाली कों गिरफ्तार कर घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ की। पुलिस टीम द्वारा आरोपी के कब्जे से घटना मे प्रयुक्त मोबाइल फोन को जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने से थाना गांधीनगर मे अपराध क्रमांक 364/24 धारा 22 (सी) एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा गया है।

# बलरामपुर के बीजेपी नेता धीरज सिंहदेव के 6 वर्षीय बेटे को कार ने कुचला, इलाज के दौरान मौत, वारदात CCTV में कैद





**अंबिकापुर ( ब्यूरोचीफ पंकज शुक्ला ) ।** बलरामपुर के पूर्व जिला पंचायत सदस्य और भाजपा नेता धीरज सिंहदेव के 6 वर्षीय बेटे स्वतंत्र सिंहदेव को वसुंधरा विहार कॉलोनी में मंगलवार रात एक तेज रफ्तार कार ने कुचल दिया। गंभीर रूप से घायल बच्चे को अपोलो अस्पताल, बिलासपुर ले जाया गया, जहां बुधवार सुबह उसकी मौत हो गई। घटना के बाद कॉलोनी वासियों ने आरोपी ड्राइवर की जमकर पिटाई की और पुलिस के हवाले कर दिया छत्तीसगढ़ के बलरामपुर से एक वीडियो वायरल हुआ है. जहां एक कार ने मासूम बच्चे को कुचल दिया. गंभीर रूप से घायल अवस्था में बच्चे को अस्पताल ले जाया गया. लेकिन इलाज के दौरान मासूम की मौत हो गई. बता दें, पूर्व जिला पंचायत सदस्य और भाजपा नेता धीरज सिंहदेव के परिवार पर मंगलवार की रात एक बड़ी त्रासदी हुई. उनका 6 वर्षीय बेटे स्वतंत्र सिंहदेव उर्फ शुभ की वसुंधरा विहार कॉलोनी, गोधनपुर में एक कार हादसे में दर्दनाक मौत हो गई.

# दीपावली आगमन के पूर्व बड़े पैमाने पर कूड़ा करकट कचरा निकलने से शहर में गंदगी का माहौल

## पालिका प्रशासन के समक्ष चुनौती

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** अब जबकि प्रमुख त्यौहार दीपावली के आगमन मे मात्र 15 दिन का हीं समय शेष है उसको मददेनजर रख शहर मे साफ सफ ाई का दौर लोगों ने अपने घर दुकान व मकान परिसर मे शुरू कर दिया है जिसके चलते बडे पैमाने पर हर गली चैराहे नुक्कड मे कचरो का विशाल ढेर निकलने लगा है। फ लस्वरूप समूचे नगर मे कूड़ा करकट गंदगी व कचरों का ढेर जहां लग रहा है वहीं आवारा पशुओ द्वारा उक्त कचरा व कूडा करकट के ढेर को धींगा मस्ती करते हुये बिखेरने के कारण सड़क पर भी तमाम कचरों का फ ैलाव होने लगा है



जिससे आवाजाही करने वाले सामान्य नागरिको को तकलीफ ो से जूझना पड़ रहा है। सालभर के प्रमुख त्यौहार दीपावली मे शत प्रतिशत घरो मे साफ सफ ाई व रंग रोगन का काम अनिवार्य रूप से किया जाता है इसके कारण प्रायरू शहर के तमाम वार्डो मे स्थिति भयावह गंदगी की बन रहीं है क्योकि लोग पालिका प्रशासन द्वारा निकाले गये नाली व सड़क के कचरो मे हीं अपने घरो की साल भर की गंदगी व कूड़ा करकट को वहां पर डालकर और स्थिति को विकट बना रहे है इस संबंध मे आम नागरिकों का कथन है कि आखिर वे कूडा करकट कचरा को कहां फें कने जावे क्योकि शहर मे सघन आबादी के कारण जगह जगह मकान दुकान व्यवसायिक काम्पलेक्स इस कदर बढ गया है कि अब न तो गडढे बचे हे और न हीं खुले मैदान और तो और शहर के अनेक स्थानो पर तो अब कूडे करकट कचरा गंदगी चैन की नींद सो रहे मुर्दो के लिये बनाये गये मुर्दावली मे भी लोग कचरा व गंदगी डालने लगे है इस बात के पुख्ता रेल्वे ओव्हर ब्रिज के नीचे गुरूनाक वार्ड मे देखा जा सकता है जहां सौ वर्ष पुराने कब्रिस्तान मे लोग कचरा कूड़ा डालने के अलावा खुलेआम वहां पर शौच क्रिया कर रहे है जबकि केन्द्र शासन की ओर से स्वच्छता मिशन के तहत घर घर शौचालय निर्माण किया गया है उसके उपरांत भी लोग खुले मे शौच करने जा रहे है इस तरह समूचा शहर मुख्य त्यौहार दीपावली के आने के 15 दिन पूर्व से हीं अथाह गंदगी के सागर मे गोते लगा रहा है संभावना है कि जैसे जैसे त्यौहार नजदीक आयेगा लोगो के घर दुकान मकान व्यवसायिक काम्प्लेक्स के कूडा कचरा गंदगी व करकट बडे पैमाने पर सड़क पर फि र तेजी से बाहर आयेंगे जिसे साफ करने की बडी चुनौती पालिका प्रशासन के सामने मुंह बाये खडी रहेगी।

# भाटापारा मंडी में रिकार्ड तोड़ धान की आवक

## नया महामाया धान 2600 रूपये रूपये प्रति क्विंटल पर बिका

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** प्रदेश की सबसे बडी कृषि उपज मंडी भाटापारा मे इस वर्ष धान की बंपर आवक का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरूवार को मंडी प्रांगण मे 30 हजार से अधिक बोरा धान की आवक हुई जिसके कारण समूचे मंडी क्षेत्र के साथ साथ मंडी चारो दिशाओं की सड़क जाम रहे खासकर धान लदे ट्रेक्टर ट्राली, ट्रक, मेटाडोर, छोटा हाथी, पिकअप एवं डीआई वाहन सहित अन्य वाहनो के अत्याधिक संख्या मे जमावड़े से प्रमुख मार्ग वाहनो के जाम से बाधित रहे फ लस्वरूप लोगों को आवाजाहीं मे परेशानी का सामना करना पड़ा। गुरूवार को मंडी प्रांगण मे नया महामाया धान सर्वोच्च 2600 रूपये प्रति क्विंटल के रिकार्ड दर पर बिका जबकि कुछ दिन पूर्व नया महामाया धान 2400 रूपये प्रति क्विंटल पर बिका था वहीं विष्णु भेग ईनेम धान भी तेजी के माहौल मे 3801 रूपये प्रति क्विंटल के सर्वोच्च दर पर बिका, विष्णु भेग



3752 रूपये प्रति क्विंटल के दर पर बेचा गया वहीं श्रीराम एवं श्रीराम ईनेम धान क्रमश: 3400 रूपये व 3466 रूपये प्रति क्विंटल की दर पर बेचा गया, एचएमटी व एचमटी ईनेम धान क्रमश: 3100 व 3061 रूपये प्रति क्विंटल की दर पर बेचा गया, महामाया पुराना धान 2561 रूपये प्रति क्विंटल की दर पर बिका, महामाया ईनेम 2600 रूपये तथा मोटा मिक्स 2103 रूपये प्रति क्विंटल की दर पर बेचा गया, सरना 2235 रूपये प्रति क्विंटल की दर पर बिका, इसी तरह मंडी मे कोदो भी बडी तादाद मे बिक्री के लिये पहुंचा और यह 3100 रूपये प्रति क्विंटल की दर पर बेचा गया वहीं गेहूं एवं गेहूं ईनेम क्रमश: 2699 रूपये व 2698 रूपये प्रति क्विंटल के भाव से बेचा गया, प्रांगण मे चना 6000 रूपये के सर्वोच्च दाम पर बेचा गया, चना ईनेम 5500 रूपये प्रति क्विंटल की दर पर बेचा गया, इसी तरह तिवरा व तिवरा ईनेम क्रमशरू 5010 व 8481 रूपये प्रति क्विंटल के दर पर बेचा गया, मसूर ईनेम 5410 रूपये प्रति क्विंटल के सर्वोच्च रेट पर बिका, इसके अलावा सबसे महंगा राहर बिका जो 9000 रूपये प्रति क्विंटल के उच्च दर पर किसान ने बेचा, बटरी 6070 रूपये प्रति क्विंटल तथा सोयाबीन 4000 रूपये एवं सरसो 4950 रूपये प्रति क्विंटल के अच्छे भाव पर बेचा गया। प्रांगण मे बिक्री के लिये पहुंचे धनिया 6401 रूपये के सबसे उंचे भाव पर बेचा गया मंडी प्रांगण मे गुरूवार को सारंगढ-बिलाईगढ, चांपा जांजगीर, कवर्धा, बेमेतरा, मुंगेली, महासमुंद, बिलासपुर व रायपुर सहित अन्य जिलो के दूरस्थ स्थानो से आये किसानो ने अपनी उपज बेचा व अच्छे भाव मिलने से वे प्रसन्नचित मुद्रा मे अपनी गांव की ओर लौट गये।

# जगदीश अग्रवाल एडवोकेट को समाज का अध्यक्ष चुना गया

**भाटापारा ।** 18 अक्टूबर शरद उत्सव के पावन अवसर पर छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज द्वारा दो वर्षीय चुनाव संपन्न हुआ जिसमें जगदीश अग्रवाल एडवोकेट को समाज का अध्यक्ष चुना गया एवं विंध्या अग्रवाल को छत्तीसगढ़ी अग्रवाल महिला मंडल भाटापारा का अध्यक्ष चुना गया। विदित हो कि आप दोनों तीसरी बार अध्यक्ष निर्वाचित किये गये है एवं विंध्या अग्रवाल वर्तमान में केंद्रीय महिला प्रतिनिधि के रूप में निर्वाचित घोषित की जा चुकी है। आप दोनों को छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज भाटापारा द्वारा बहुत-बहुत बधाई प्रेषित की है।



# भाटापारा शहरी क्षेत्र में चिल्हर नोटों की भारी किल्लत से जन जीवन प्रभावित

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** शहर के बाजार मे इन दिनो चिल्हर नोटों की भारी किल्लत होने से लोगों को लेन देन मे तकलीफ से जूझना पड़ रहा है भाटापारा स्टेट बैंक से चेस्ट सुविधा हटाये जाने के बाद से नगर मे नये नोट सहजता से उपलब्ध नहीं हो पा रहे है फ लस्वरूप पिछले कुछ महीनो से शहर के बाजार मे दस, बीस, पांच रूपये के नोट की किल्लत से व्यापारियों के साथ साथ आम नागरिक जूझ रहे है। बाजार मे किराना सामान सब्जी होटल पान मसाला दुकान दवाई दुकान कपड व रेडिमेड के चिल्हर दुकान मोबाईल रिचार्ज शॉप सायकल पंचर दुकान गुटखा व पान दुकान हेयर कटिंग सेलून प्रेस व कपडा धुलाई दुकान दूध पार्लर के अलावा केला सेव दुकान व बच्चों के खई खजाना दुकानो मे चिल्हर नोट नहीं होने से दुकानदारो के साथ साथ आम नागरिक व सामान क्रेता बुरी तरह प्रभावित हो रहे है इसी प्रकार के हालात गैस एजेंसी मे गैस रसीद कटाने जाने वाले लोगों को भी चिल्हर नोट नहीं होने की वजह से



अतिरिक्त रकम का भुगतान करना पड रहा है और तो और रेल्वे बुकिंग काउंटर एवं बस स्टैड विभिन्न यात्री बसो मे सफ र करने वाले यात्रियों को भी चिल्हर नोट की किल्लत से जूझना पड रहा है सड़क व रेल मार्ग पर सफ र करने वाले लोगों को चिल्हर नोट सहजता से नहीं मिलने के कारण यात्रा के दौरान अतिरिक्त भुगतान भुगतना पड़ रहा है चिल्हर नोट की कमी से रेल्वे स्टेशन से बस स्टैड के बीच तथा अन्य स्थानो पर दौड़ने वाले आटो रिक्शा ई रिक्शा व सामान ढोने वाले ठेला चालक मंडी क्षेत्र के गाडीवान व हमाल भी परेशान है कुल मिलाकर सभी वर्गो के लिये भाटापारा शहरी क्षेत्र मे खुदरे नोट की किल्लत एक बडी समस्या के रूप मे उभरकर सामने आया है और तो और जूता चप्पल पॉलिश कराने के लिये भी लोगो को खुदरा नोट का जुगाड करके जाना पड रहा है इसी प्रकार के हालात अन्य स्थानो पर भी बना हुआ है चिल्हर नोट की गंभीर समस्या को देखते हुये क्षेत्रिय नागरिको ने भाटापारा मे सन 1956 से स्थापित चेस्ट सुविधा को पुनरू स्थानीय बैंक मे स्थापित करने मांग की है ताकि लोगों को चिल्हर नोट की कमी से राहत मिल सके।

# नगर में दशहरा उत्सव धूमधाम से मनाया गया

## बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया






**थान खम्हरिया।** नवरात्र में मां दुर्गा के आशीर्वाद प्राप्त करने के बाद भगवान श्री राम मां सीता महारानी की पुजा ग्राम देवता सभी मंदिर देवालय की पूजा आचार्य व ग्राम पटेल के संरक्षण में नगर के सभी वार्डों में स्थापित मंदिर ग्राम देवता की पूजा अर्चना की जाती है। नगर के राधा कृष्ण जमात मंदिर में प्राचीन परंपरा अनुसार महंत पूज्य श्री बसंत दास वैष्णव, रामचंद्र दास वैष्णव, पंडित ओमप्रकाश जोशी, नगर पंचायत अध्यक्ष तितली गौरव बिंदल, अनिल सिंघानिया , पुजारी नंदकुमार वैष्णव, राजेश ठाकुर के सानिध्य में अखाड़ा का प्रदर्शन करते हुए बैंड बाजों के साथ दशहरा मैदान पहुंची। हजारों की संख्या में आसपास ग्रामीण अंचल के लोग दशहरा उत्सव देखने पहुंचे महंत बसंत दास वैष्णव द्वारा पूजा अर्चना कर रावण वध किया गया। आचार्य द्वारा ग्राम पटेल द्वारा सोनपति का वितरण किया गया। भेट वार्ता के दौरान महाराज जी ने बताया। दशहरा के दिन भगवान श्री राम ने दशानन रूपी रावण का वध किया था। यह दिन बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। इसके बाद से ही हर साल इस दिन को दशहरा के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर नगर पंचायत अधिकारी थाना प्रभारी राजकुमार साहू, तहसीलदार प्रकाश यादव, नायब तहसीलदार मोरध्वज साहू की दशहरा उत्सव कार्यक्रम के सफल संचालन में अहम भूमिका रही।

# कृषि मंत्री राम विचार नेताम ने कृषि विज्ञान केन्द्र, सरगुजा का किया भ्रमण, केन्द्र की तकनीकों को कृषकों के खेतों तक पहूँचाने दी सलाह

ब्यूरोचीफ पंकज शुक्ला





**अम्बिकापुर।** माननीय कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर तथा निदेशक विस्तार सेवायें डॉ. एस. एस. टूटेजा के मार्गदर्शन में संचालित कृषि विज्ञान केन्द्र, सरगुजा में आज दिनांक 17.10.2024 को राम विचार नेताम, कृषि मंत्री, छ.ग. शासन द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र, सरगुजा के प्रक्षेत्र में संचालित विभिन्न इकाईयों का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान डॉ. एस. के. सिन्हा, अधिष्ठाता, राजमोहिनी देवी कृषि महा. एवं अनुसंधान केन्द्र, अम्बिकापुर, श्री पी. एस. दीवान, उप-संचालक कृषि जिला-अम्बिकापुर तथा अन्य विभागिय अधिकारी सम्मिलित थे। कृषि विज्ञान केन्द्र सरगुजा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. राजेश चौकसे द्वारा सर्वप्रथम बतौली विकासखण्ड से आये हूए बिहान समुह की प्रशिक्षणार्थी महिलाओं से रूबरू कराते हूए पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। उसके पश्चात प्रक्षेत्र में बीज उत्पादन कार्यक्रम अंतर्गत उगाये गये फसल जैसे: धान, अरहर एवं उड़द की खेती का अवलोकन कराया गया साथ ही यह भी बताया गया कि मुख्य फसलों की मेड़ों का दक्षतापूर्ण उपयोग करते हूए पुष्प, फल एवं सब्जीवर्गीय फसलों की बहुस्तरीय खेती किया जा सकता है। जिससे मेड़ों में उगने वाले खरपरवार रूपी परपोषी पौधों की साफ-सफाई करने से फसलों में कीट एवं रोगों के विस्तार कम होता है व खेती की लागत को कम किया जा सकता है। साथ-ही-साथ किसानों को घरेलु उपयोग हेतू पोषणयुक्त फल, फुल एवं सब्जीयां भी उपलब्ध होते रहते है। इसके उपरांत प्रक्षेत्र में बायोफ्लॉक मछली उत्पादन तकनीक, बत्तख पालन इकाई का भ्रमण एंव निरिक्षण कराया गया। डॉ. एस. के. सिन्हा, अधिष्ठाता, राजमोहिनी देवी कृषि महा. एवं अनुसंधान केन्द्र, अम्बिकापुर द्वारा प्रक्षेत्र में लगाये गये मक्का फसल एवं धान व लघु धान्य फसलों की क्रॉप कैफेटेरिया में लगाये गये विभिन्न किस्मों की विशेषताएं एवं उत्पादकता तथा सरगुजा अंचल के विभिन्न विकासखण्डों में उगाये जाने वाले स्थानिय एवं प्रचलित किस्मों से संबंधित विशेष जानकारी साझा की गई।

तत्पश्चात आम के बगीचों में छायादार स्थानों का उपयोग करते हूए मशालों वाली फसले जैसे: अदरक, हल्दी, कोचई एवं जिमीकंद फसल प्रदर्शन से भी अवगत कराते हूए श्री पाण्डू राम पैकरा, विषय वस्तु विशेषज्ञ (सस्य विज्ञान) द्वारा अधिकारियों को प्राकृतिक खेती इकाई जिसमें फसल उत्पादन को बढ़ाने तथा भूमि की उर्वरता एवं उत्पादकता के साथ-साथ भूमि में सुक्ष्मजीवों की क्रियाशीलता को बनाये रखने के उद्देश्य से बनाये जाने वाला उत्पाद जैसे: बीजामृत, जीवामृत व घनजीवामृत तथा फसल सुरक्षा के लिए तैयार निमास्त्र, ब्रहमास्त्र, सतपर्णी अर्क, दसपर्णी अर्क तथा प्राकृतिक संसाधनों से तैयार किये जाने वाले फफुंदनाशक का विश्लेषणात्मक चर्चा की गई। जैविक खेती अंतर्गत संचालित केंचुआ खाद उत्पादन इकाई, अजोला उत्पादन इकाई तथा गोबर खाद उत्पादन की तकनीकी जानकारी प्रदान की गई।

# राधाकृष्ण जमात मंदिर में भक्ति पूर्ण मनाया शरद पूर्णिमा उत्सव

## *पूर्णिमा का शाब्दिक अर्थ हैं पूर्णता की ओर ले जाना, जो हमारे जप तप ध्यान को पूर्णता की ओर अग्रसर करता हैं - पं नारायण महाराज*

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया





**थानखम्हरिया।** नगर के राधाकृष्ण जमात मंदिर में शरद पूर्णिमा उत्सव को बहुत हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से कथा व्यास पं नारायण महाराज जी भी उपस्थित हुए। नारायण महाराज जी ने देशवासियों को शरद पूर्णिमा की शुभकामनाएं देते हुए शरद पूर्णिमा की महत्व बताते हुए कहा कि शरद पूर्णिमा का अर्थ ही हैं पूर्णता की ओर ले जाना, यह पर्व भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं की याद दिलाता है और हमें प्रेम, करुणा और आध्यात्मिक ज्ञान की ओर प्रेरित करता है।शरद पूर्णिमा की रात को चंद्रमा की किरणें अपनी पूरी शक्ति से पृथ्वी पर पड़ती हैं, जो हमारे जीवन को प्रकाश और ऊर्जा से भर देती हैं। यह पर्व हमें अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने और आध्यात्मिक विकास की दिशा में कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित करता है। इस पावन अवसर पर अपने परिवार और मित्रों के साथ मिलकर भगवान श्रीकृष्ण की आराधना करें और उनकी शिक्षाओं को अपने जीवन में उतारें इस अवसर पर महंत बसन्त दास वैष्णव जी ने बताया कि शरद पूर्णिमा को ही भगवान कृष्ण जी ने महारास लीला किया था इस दिन चंद्रमा अपने सोलहों कलाओं को प्रदर्शित करते है, इस दिन भगवान को खीर की भोग लगाने का बहुत महत्व है। इस दौरान मंदिर के पुजारी नंदकुमार वैष्णव ने भगवान की पूजा आरती की जिसमें बसंत दास वैष्णव, महंत रामचंद्र दास वैष्णव, रामावतार मिश्रा, मुकेश सिंघानिया, अनिल सिंघानिया वासु सिंह क्षत्रिय, सत्यदेव सिंह क्षत्रिय, भूपेंद्र वैष्णव सहित अन्य भक्त उपस्थित थे।

# करमजीत कौर के कहानी संग्रह 'बीजी' का विमोचन




**रायपुर/** कहानीकार करमजीत कौर का कहानी संग्रह बीजी का विमोचन त्रिलोक महावर संचालक छत्तीसगढ प्रशासन अकादमी की अध्यक्षता एवं डॉ. राजाराम त्रिपाठी संपादक ककसाड़ के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। बस्तर चेंबर ऑफ कामर्स के सभागार में कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि बी.आर.नायडू, आकाशवाणी के उद्घोषक के.परेश, कथाकार उर्मिला आचार्य सम्मिलित हुए। त्रिलोक महावर जी ने संवेदना के धरातल पर रचे इस कहानी संग्रह को तकनीकी दौर में संवेदनहीन होते समाज के लिये आवश्यक बताया। मुख्य अतिथि डॉ. राजाराम त्रिपाठी ने कहा, भावप्रवण रचनाकार करमजीत की रचनाएं मानवीय संवेदनाओं से ओतप्रोत हैं जो पाठक के दिल को छू लेती हैं, और उन्हें बेहतर मनुष्य बनने को प्रेरित करती है। आयोजन में नगर के प्रबुद्ध साहित्यकार मदन आचार्य ,सुभाष पांडे ,योगेन्द्र मोतीवाला ,किशोर पारेख ,विपिन बिहारी दास ,धर्मेन्द्र ठाकुर, सनत जैन , मोहिनी ठाकुर, नरेन्द्र पाढ़ी,अनीता राज,मधु कुशवाहा, कविता बिजौलिया पूर्णिमा सरोज, डॉ.मूर्ति,भरत सहित आयोजन में ललिता यादव वंदना भदौरिया एवं ज्योति चौहान ने विशेष रूप से सहयोग किया । पुस्तक का मुखपृष्ठ बनाने वाली भावना अरोरा का अभिनंदन किया गया।बिंब प्रकाशन की निदेशक रीमा दीवान चड्ढा ने कार्यक्रम का संचालन किया ।कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को बस्तर की लौहकला के स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। अंत में धन्यवाद करमजीत कौर ने दिया।



# श्रीजामड़ी पाटेश्वर में धूमधाम से शरद पूर्णिमा उत्सव मनाया गया

37 दिनों से चल रही मंदिर संकल्प यात्रा का हुआ समापन,,,,,



ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखम्हरिया।** 17 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध तीर्थ श्री जामडी पाटेश्वर आश्रम में नवनिर्मित माँ कौशल्या मन्दिर प्रांगण में शरद पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें संपूर्ण छत्तीसगढ़ के कला को समेटे हुए मां कारो कन्या रिकॉर्डिंग डांस ग्रुप तारालीम बेरला के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति किया की गई साथ ही प्रसिद्ध आकाशवाणी सिंगर रुही साहू के द्वारा पंडवानी का कार्यक्रम और आदिवासी अंचल खड़खड़ी चौकी से रामायण मंडली के मानस गान ने समां बांधा,,, धाम के संचालक संत श्री राम बालक दास जी ने बताया कि आगामी 2026 में मां कौशल्या की विश्व की प्रथम प्रतिमा की स्थापना यहां होने वाली है इस स्थापना को लेकर संपूर्ण छत्तीसगढ़ एवं सीमांत प्रदेशों में उत्सव का वातावरण है ,,,, 7 फीट की मां कौशल्या की गोद में रामलला को लेकर प्रतिमा यहां विराजित होगी यह प्रतिमा जयपुर राजस्थान में एक करोड़ की लागत से बन रही है जो विश्व की प्रथम मां कौशल्या की प्रतिमा होगी अयोध्या में जिस तरह राम जन्मभूमि तीर्थ बन रहा है इस तरह छत्तीसगढ़ मां कौशल्या का मायका है यहां भी मां कौशल्या जन्मभूमि तीर्थ का निर्माण होना आवश्यक था इस निर्माण से विश्व के नक्शे पर छत्तीसगढ़ भी एक धाम के रूप में स्थापित होगा।

# खाद्य सुरक्षा टीम सतर्क, मिष्ठान्न दुकानों का निरीक्षण कर लिए गए नमूने




**सरगुजा।** दीपावली त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए नकली खोवा तथा गुणवत्ताहीन मिठाई की बिक्री की आशंका को देखते हुए खाद्य सुरक्षा टीम के द्वारा लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। कलेक्टर सरगुजा एवं अभिहित अधिकारी के निर्देशानुसार सरगुजा जिले के समस्त मिठाई दुकानों का सघन निरीक्षण मिलावट की आशंका के मद्देनजर किया जा रहा है। इसी कड़ी में खाद्य सुरक्षा अधिकारी आरआर देवांगन, प्रशान्त कुमार तिवारी तथा खाद्य एवं औषधि प्रशासन टीम द्वारा मेसर्स शीतल रेस्टोरेंट, लखनपुर से पनीर, मेसर्स होटल द ग्रैंड राधेश्याम, अंबिकापुर से स्प्रिंग रोल, मेसर्स आकाश मिल्क पार्लर, अंबिकापुर से खोवा, मेसर्स संगम डेली नीड्स, अंबिकापुर से कलाकंद का नमूना संकलित कर परीक्षण एवं विश्लेषण हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया है। राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर से परीक्षण एवं विश्लेषण रिपोर्ट प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 नियम विनियम 2011 के सुसंगत प्रावधानों के अंतर्गत कार्यवाही की जावेगी।

# सरगुजा कलेक्टर ने प्रदर्शनी में प्रतिभागी बच्चों का किया उत्साहवर्धन राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का तीसरा दिन

ब्यूरोचीफ पंकज शुक्ला




**सरगुजा।** कलेक्टर विलास भोसकर ने राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी एवं राष्ट्रीय बाल प्रदर्शनी में भाग लिए हुए बच्चों द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने बच्चों की प्रतिभा और नवाचार की सराहना की और उन्हें उनकी मेहनत के लिए उत्साहित किया। प्रदर्शनी में बच्चों ने विज्ञान और तकनीकी के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कलेक्टर श्री भोसकर ने बच्चों को उनकी मेहनत और लगन के लिए प्रोत्साहित किया और उन्हें आगे भी ऐसे नवाचार करते रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने स्वयं बच्चों से विज्ञान और तकनीक पर सवाल भी पूछे, बच्चों से सीधा संवाद किया और विभिन्न विषयों पर बच्चों का मार्गदर्शन भी किया। उन्होंने कहा कि तकनीक का इस्तेमाल कर एक से बढ़कर एक मॉडल तैयार किए गए हैं, बच्चे उन मॉडल में निहित विज्ञान को समझें और उसके आधार पर नए आविष्कार भी करें। इस प्रदर्शनी के माध्यम से, विद्यार्थी न केवल वैज्ञानिक ज्ञान प्राप्त करते हैं, बल्कि वे देश की सांस्कृतिक विविधता को भी समझने का मौका मिल रहा है। यह मंच उन्हें नवाचार, सृजनात्मकता और टीम वर्क की भावना से परिचित कराता है। विद्यार्थी और अध्यापक



मॉडलों एवं प्रदर्शनों के माध्यम से अपनी वैज्ञानिक प्रतिभाएं प्रदर्शित कर विशेषज्ञों के साथ संवाद स्थापित कर रहे हैं। साथ ही आपसी मेल-मिलाप और विचार-विमर्श कर विविध संस्कृतियों का साझा कर रहे हैं। प्रदर्शनी में गुरूवार को विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने विज्ञान मॉडलों का अवलोकन कर विज्ञान से संबंधित ज्ञानवर्धक जानकारी प्राप्त की। इस दौरान संयुक्त संचालक शिक्षा संजय गुप्ता, डीईओ अशोक सिन्हा, एपीओ रविशंकर पांडे सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर में 147 आवेदन प्राप्त हुये

# सूरता, रामानुजनगर में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का हुआ आयोजन

ब्यूरोचीफ पंकज शुक्ला







**सूरजपुर** - आज जिले के जनपद पंचायत रामानुजनगर के सूरता में जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया था। शिविर में प्रेमनगर विधायक श्री भूलन सिंह मराबी भी उपस्थित हुए थे। जिसमें उन्होंने क्षेत्र के आमजन को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़ने के लिये बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की बात कही। उन्होंने कहा जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर के माध्यम से प्रशासन आपके द्वार पर पहुंचा है। इस अवसर का लाभ उठाये और ज्यादा से ज्यादा शिविर स्थल में पहुंचकर अपनी समस्याओं से निदान पायें। प्राप्त अंतिम जानकारी के अनुसार शिविर में 147 आवेदन प्राप्त हुए थे।समस्याओं के निराकरण के लिए शिविर में प्राप्त आवेदन पर समय सीमा में समाधान कारक निराकरण के लिए कलेक्टर श्री रोहित व्यास द्वारा संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। शिविर में कलेक्टर ने सूरजपुर समाधान एप्लीकेशन का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि समाधान एक व्हाट्सअप पर आधारित ऐप है। जिससे जुड़कर आमजन प्रशासन के माध्यम से अपनी समस्याओं का निराकरण प्राप्त करेंगें। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित जनों के साथ समाधान सूरजपुर एप्लीकेशन के लिए उपयोग में लाये जानें वाले व्हाट्सअप नंबर "9826443377" को साझा किया। उन्होंने कहा इस व्हाट्सअप नंबर के माध्यम से आप अपनी समस्या और सुझाव जिला प्रशासन के साथ साझा कर सकते हैं। इसके साथ ही इसी में पावती और अपने आवेदन की स्थिति जान सकते हैं। उन्होंने बताया कि यह सुविधा शीघ्र ही सूरजपुर जिले वासियों के लिए चालू कर दी जायेगी।

**प्रशासन आपके द्वार शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठायें - भूलन सिंह मराबी**

**सूरजपुर समाधान - व्हाट्सअप नंबर "9826443377" शीघ्र ही सेवा का लाभ प्राप्त करेंगे जिलेवासी**

शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्टॉल स्थापित किया गया था। जिसमें ग्रामीण जन की ब्लड प्रेशर, मधुमेह व अन्य गैर संचारी रोगों का ईलाज किया गया। शिविर में जिला कौशल विकास प्राधिकरण द्वारा भी स्टॉल लगाया गया था। जिसमें 18 से 45 आयु वर्ग के लोगों को मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना से जोड़ने के लिये आवेदन कराया गया। जिसके तहत उन्हें विभिन्न ट्रेड में 03 से 06 माह के कोर्स में लाईवलीहुड कॉलेज पारी में प्रशिक्षण कराया जायेगा और उन्हें प्लेसमेंट के माध्यम से रोजगार के अवसर भी मुहैया कराया जायेगा। इसके साथ ही कृषि, खाद्य व अन्य विभागों के स्टॉल भी शिविर में लगाये गये थे। जिसमें ग्रामीण जन उपस्थित होकर शासन की योजनाओं से जुड़े शिविर में जनपद अध्यक्ष श्रीमती माया सिंह, श्री बाबूलाल अग्रवाल, श्री जय प्रकाश उपाध्याय अन्य जनप्रतिनिधि तथा ग्रामीण जन, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू, जनपद सीईओ श्री संजय राय व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# युवक गुंडा बदमाश की सूची में दर्ज

## गुंडा बदमाश श्याम सोनी लगातार अपराधिक घटनाओं में सक्रिय रहा हैं, युवक के विरुद्ध पूर्व में 8 प्रकरण किये गये हैं दर्ज

ब्यूरोचीफ पंकज शुक्ला



**सरगुजा।** जिले मे आपराधिक गतिविधियों मे संलिप्त व्यक्तियों पर सरगुजा पुलिस द्वारा लगातार सखती से कार्यवाही की जा रही हैं, इसी क्रम मे थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा पुलिस अधीक्षक सगुजा के समक्ष थाना कोतवाली छेत्र अंतर्गत निवासरत् श्यान सोनी आत्मज मुकेश सोनी उम्र 18 वर्ष निवासी बरेजपारा अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.) के खिलाफ मारपीट / बलवा से संबंधित अपराध थाना कोतवाली अम्बिकापुर में पंजीबद्ध किये गये है, उपरोक्त बदमाश निगरानी दुहसाहसी प्रवृत्ति का होने के कारण थाना क्षेत्र में नागरिको भी बदमाश के खिलाफ शिकायत करने से कतराते हैं, एवं बदमाश के कृत्य से आम जन मानस मे भय का वातावरण बना रहता है, उपरोक्त बदमाश श्याम सोनी वर्ष 2022 से अपराधिक गतिविधियों में लगातार सक्रिय हैं

बदमाश के विरुद्ध अब तक 08 प्रकरण मारपीट / बलवा पंजीबद्ध किया गया है. बदमाश पर नियंत्रण रखने के लिये समय समय पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही भी की गयी है। किन्तु बदमाश में कोई सुधार नहीं हुआ है. बदमाश पर नियंत्रण किया जाना आवश्यक है।अतएव अपराधीक कृत्यों पर अंकुश लगाने एवं बदमाश की गतिविधियों पर निगाह रखने हेतु जाहिरा गुण्डा लिस्ट मे लाने हेतु प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया था। उपरोक्त बदमाश युवक द्वारा लगातार विभिन्न प्रकार के गंभीर अपराध घटित किया गया हैं, एवं युवक के विरुद्ध कई आपराधिक प्रकरण एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किये जाने के पश्चात भी बदमाश के आपराधिक गतिविधियों मे कोई सुधार नही आया हैं, अत: थाना प्रभारी थाना अम्बिकापुर द्वारा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अम्बिकापुर के माध्यम से प्रस्तुत प्रतिवेदन को दृष्टिगत रखते हुये पुलिस अधीक्षक सरगुजा श्री योगेश पटेल (भा.पु.से.) द्वारा जिलांतर्गत बदमाश श्याम सोनी आत्मज मुकेश सोनी उम्र 18 वर्ष साकिन बरेजपारा अम्बिकापुर कों आज दिनांक से गुण्डा बदमाश की सूची में लाया जाता है।

श्याम सोनी पिता मुकेश सोनी निवासी बरेजपारा अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.) के विरुद्ध दर्ज अपराध

(01) अपराध क्रमांक 567/22
धारा 294,506 323.34 भादवि

(02) अपराध क्रमांक 97/23
धारा 294,506,323.34 भादवि

(03) अपराध क्रमांक 744/23
धारा 336,285,436 भादवि

(04) अपराध क्रमांक 82/24
धारा 147 148,294,506,427 भादवि व 25 आर्मस एक्ट

(05) अपराध क्रमांक 459/24
धारा 296.351(2), 3 (5) भा.न्या.स.

(06) अपराध क्रमांक 536/24
धारा 296,351 (2).119(1),191 (2), भा.न्या.स. 25 -27 आर्मस एक्ट

(07) अपराध क्रमांक 551/24
धारा 191(2),140 (4),296,351 (3), 115 (2) भा.न्या.स.

(08) अपराध क्रमांक 684/24
धारा 296, 351(2),115(2),3(5) भा.न्या.स

# ग्रामीणों के हमले से 13 पुलिस कर्मी सहित 1 प्रशासनिक अधिकारी और कोटवार हुए चोटिल

## 1 गंभीर रूप से घायल पुलिसकर्मी को रायपुर किया गया रेफर



**अंबिकापुर** / ग्राम हरिहरपुर, तहसील उदयपुर में 17 अक्टूबर को कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा प्रबंध को देखते हुए जिला प्रशासन, पुलिस एवं वन अमला द्वारा ग्राम हरिहरपुर उदयपुर मे सुरक्षा व्यवस्था का निर्धारण किया जा रहा था, इस दौरान आस पास के ग्रामीणों को शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु समझाइश दी जा रही थी। प्रशासनिक अमला द्वारा लगातार ग्रामीणों को कानून व्यवस्था को प्रभावित ना करते हुए बातचीत करने का प्रयास किया जा रहा था लेकिन इस दौरान ग्रामीणों द्वारा डंडा, फरसा, गुलेल, तीर धनुष लेकर प्रशासनिक अमला का विरोध कर कानून व्यवस्था को अपने हाथों मे लेते हुए पुलिस एवं अन्य सुरक्षा मे लगे जवानों पर अचानक हमला कर दिया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्रामीणों के हमले से कुल 13 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं, जिनके नाम (01) रक्षित निरीक्षक तृप्ति सिंह राजपूत (02)निरीक्षक आशा तिर्की (03) निरीक्षक हर्षवर्धन चौरासे (04) उप निरीक्षक सेतराम गही (05)सहायक उप निरीक्षक मंजू रानी जिला बलरामपुर (06) उप निरीक्षक प्रेम सागर खुटिया थाना लखनपुर (07) उप निरीक्षक भागवत नायकर पत्थलगांव जिला जशपुर (08) उप निरीक्षक सुनीता भारद्वाज (09) आरक्षक रामनरेश लकड़ा रक्षित केंद्र अम्बिकापुर (10) महिला आरक्षक सरला टोप्पो रक्षित केंद्र अम्बिकापुर (11) पूनम पैकरा थाना अम्बिकापुर (12) आरक्षक शैलेश सिंह (13) आरक्षक भोला राम राजवाड़े सहित डिप्टी कलेक्टर श्री डीएस उईके और 01 साल्ही ग्राम कोटवार श्री बंधन घायल हुए हैं, आरक्षक भोला राम राजवाड़े को गंभीर प्रकृति का चोट होना पाये जाने पर अग्रिम ईलाज हेतु रायपुर रेफर किया गया है, चोटिल पुलिस अधिकारियो-कर्मचारियों का ईलाज किया जा रहा है।



# पानी टंकी पूर्ण होने के 5 महीने बाद भी नहीं किया गया पानी का भराव खराब होने की संभावना

## कलेक्टर के निर्देश का नहीं हुआ पालन जिससे करोड़ों की लागत की पानी टंकी खराब होने की संभावना

ब्यूरोचीफ पंकज शुक्ला

सूरजपुर - जिले के चांदनी बिहारपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत महुली में जल जीवन मिशन अंतर्गत करोड़ की लागत से पानी टंकी की निर्माण की गई है वह निर्माण टंकी में बीते 5 महीने हो जाने के बाद भी पानी की भराव नहीं करने पर टंकी खराब होने की संभावना है वहीं बीते 1 महीने पूर्व कलेक्टर दौर में आए हुए थे तो पानी टंकी की निरीक्षण किया वहीं नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल निर्देशित किया कि पानी टंकी में पानी भरकर ही छोड़े नहीं तो खराब हो जाएगी लेकिन महिनों बीत जाने के बाद आज तक नहीं पानी का भराव किया गया नहीं



कलेक्टर का निर्देश का पालन किया गया जिससे टंकी खराब होने की संभावना है वहीं टांकी निर्माण में ठेकेदार द्वारा मनमानी तरीके से निर्माण करने पर सीढ़ी रेलिंग में भी अभी से




ही दरार आना चालू हो गए हैं वही पानी टांकी निर्माण होने के बाद तत्काल निर्माण हुए टंकी में पानी का भराव किया जाता है जिससे खराब ना हो लेकिन 5 महीने बीत जाने के बाद



भी पानी का भराव नहीं किया गया है जिससे टंकी खराब होने लगा हैं। वहीं केंद्र की योजना हर घर जल जीवन मिशन अंतर्गत टंकी की निर्माण एक करोड़ 38 लाख की अनुमानित लागत की निर्माण कर ग्राम पंचायत के समस्त ग्राम वासियों को घर-घर नल जल योजना के तहत पानी पहुंचाने की केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार ने पहल की है लेकिन विभागीय द्वारा इसकी देखरेख नहीं करने की वजह से ठेकेदारों द्वारा मनमानी तरीके से कार्य कर काम को छोड़ दिया जा रहा है जिससे टंकी खराब होने लगा हैं

*वही इस संबंध में पीएचई विभाग के कार्य प्रभारी उप अभियंता अविनाश मिंज से बात किया गया तो उनके द्वारा बताया गया कि दौरा के दौरान कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया है लेकिन अभी तक पानी का भराव नहीं हो पाया है और हम जल्द ही पानी टंकी निरीक्षण करने आ रहे हैं*

# निस्वार्थ भक्ति ही प्रभु की सर्वोत्तम भक्ति है- पंडित नारायण महाराज

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखम्हरिया।** राधाकृष्ण जमात मंदिर में 11 से 18 अक्टूबर तक आयोजित भागवत कथा केश्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस में कथा व्यास पूज्य नारायण महाराज श्री द्वारा प्रभु की बाल - लीलाओं का वर्णन बड़े ही सुन्दर ढंग से किया गया। कथा प्रसंग को प्रारम्भ करते हुये पूज्य महाराज श्री ने कहा की जिनको काम प्रिय है वे प्रभु की कथा को नही सुन सकते और जिनको श्याम प्रिय है वे अपना सारा काम छोड़कर प्रभु की कथा सुनने के लिए पहुँचते हैं। मानव जीवन का एक सच है और उस सच का नाम है मृत्यु। जब हमें पता है की हमारी मृत्यु निश्चित है हम खाली हाथ आये थे और खाली हाथ ही जायेंगे तो क्यों न हम इस जीवन को धर्म के कार्यो में लगायें। ताकि मरने के बाद जब हम ऊपर जाएँ तो प्रभु हमें पहचान सकें। पूज्य श्री नारायण महाराज जी ने कहा हमें भगवान की भक्ति बिना कोई दिखावा किए करनी चाहिए क्योंकि जब पूतना अपना रूप बदलकर कृष्ण भगवान को मारने आई तो प्रभु ने अपनी आँखें बंद कर ली थी उसी प्रकार जब हम किसी भी प्रकार का दिखावा करके भगवान की वंदना करते हैं तो भगवान हमारी वंदना को स्वीकार नहीं करते। अगर हम सच्ची श्रद्धा और बिना कोई दिखावा किए प्रभु की भक्ति करते हैं तो प्रभु हमें अपनी छत्रछाया में लेकर हमारे जीवन के साथ-साथ हमारी मृत्यु को भी सवार देते है। मनुष्य को आंतरिक बल भगवान के भजन तथा सत्य से मिलता है।सनातन धर्म के ग्रन्थ मनुष्य को जीवन जीना सिखाते हैं। रामायण हमें जीना सिखाती है और भागवत हमें मरना सिखाती है। इसलिए कहते है कि जीवन जीने के लिए मनुष्य को रामायण पढ़नी चाहिए और मरना कैसे चाहिए उसके लिए भागवत सुननी चाहिए।मनुष्य के जीवन में हमेशा एक व्यक्ति के भय जरूर होना चाहिए क्योंकि उस व्यक्ति का भय हमें कुछ गलत काम करने से रोक लेगा। क्योंकि कहा जाता है कि जो निर्भय मन होता है वो सिंह से भी ज्यादा ख़तरनाक होता है।



### प्रतिदिन सैकड़ों श्रोता भागवत का आनन्द ले रहे:-

*इस अवसर पर मुख्य यजमान हरि शरण सिंह क्षत्रिय श्रीमती ज्योति सिंह, यशवंत सिंह क्षत्रिय जलेश्वर सिंह राजपूत, अशोक सिंह राजपूत , अनिल सिंघानिया, पुन्नी तोरन यादव, राजू सिंह , संजय सिंघानिया, राजेश सिंह, सुरेंद्र सिंघानिया, चेतन सिंह, शिवेंद्र प्रताप छाबड़ा, लोकेश अग्रवाल ,विनय परिहार, मनोज जायसवाल, अंजना राजेश ठाकुर, राजेंद्र दुबे, गौरव बिंदल, मुन्ना सिंघानिया, सुरेश सिंघानिया, मुकेश सिंघानिया , दीपक बंसल , नंदनी साहू, अनु केडिया, सतीश जोशी,जितेंद्र उपाध्याय, राकेश गोयल, अशोक भारती, वीरेंद्र सिंह अग्रवाल, राजेंद्र बिंदल,रामावतार अग्रवाल, गौतम केडिया, सुरेंद्र सिंघानिया सम्मिलित हुए कार्यक्रम का सफल मंच संचालन भुलेश्वर साहू ने किया।कल की कथा में कृष्ण-रुक्मणी विवाह बडे ही भव्य रूप से मनाया जाएगा।*

### पूर्व कृषिमंत्री रविन्द्र चौबे हुए सम्मिलित:-

*पूर्व कृषिमंत्री व विधायक रविंद्र चौबे कथा स्थल में पहुँच कर कथा व्यास से आशीर्वाद प्राप्त किया और कथा का श्रवण किया। उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए चौबे ने कहा कि जन्मातरे भवेत पुण्यमं अर्थात जन्मांतर का पुण्य उदय होता है तब ऐसे भागवत का आयोजन होता हैं, शुरूआत से ही साजा क्षेत्र धार्मिक आयोजनों के लिए आगे रहा है, ऐसे आयोजन में सम्मिलित होना सौभाग्य है। साथ ही क्षेत्र एवं प्रदेश की सुख शांति के लिए भागवत भगवान से कामना की। पंचम दिवस के कथा प्रसंग में बताया जब ब्रजवासियों ने इंद्र की पूजा छोड़कर गिर्राज जी की पूजा शुरू कर दी तो इंद्र ने कुपित होकर ब्रजवासियों पर मुसलाधार बारिश की तब कृष्ण भगवान ने गिर्राज को अपनी कनिष्ठ अंगुली पर उठाकर ब्रजवासियों की रक्षा की और इंद्र का मान मर्दन किया। अंत में कलयुग की प्रधानता बताते हुए महाराज जी ने कहा कलयुग महि एक पुन्य प्रतापा - मानस पुन्य होय नहीं पापा अर्थात कलयुग में किया हुआ मानसिक पुन्य तो लगता है पर पाप नहीं लगता। आज के कथा प्रसंग में पूज्य महाराज जी ने प्रभु की नटखट बाल लीलाओं को बड़े ही सुन्दर ढंग सभी भक्तों को श्रवण कराया और आज ही सभी भक्तो ने गिर्राज भगवान की सुन्दर झांकी के दर्शन किए व गोवर्धन की मानसिक प्रि मा भी लगाई। अंत में कथा के मुख्य यजमान श्री हरिशरण सिंह क्षत्रीय ज्योति क्षत्रीय जी ने सह-परिवार गिरिराज भगवान का पूजन कर महाराज श्री से आशीर्वाद प्राप्त किया।*

# रक्षित आरक्षी केंद्र बलरामपुर में किया गया जनरल परेड का आयोजन

## पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री वैभव बेंकर द्वारा ली गई परेड की सलामी

**बलरामपुर-** आज दिनांक 18/10/2024 दिन शुक्रवार को जिला बलरामपुर रामानुजगंज अंतर्गत के रक्षित आरक्षी केंद्र बलरामपुर के परेड ग्राउंड में पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री वैभव बैंकर भापुसे द्वारा मुख्यालय में तैनात एवम् नजदीकी थाना चौकी में पदस्थ पुलिस बल का संयुक्त जनरल परेड लिया गया, जनरल परेड के दौरान परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक श्री विमलेश कुमार देवांगन के द्वारा पुलिस अधीक्षक बलरामपुर को सलामी दी गई। सलामी के उपरांत पुलिस अधीक्षक बलरामपुर द्वारा जनरल परेड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परेड में शामिल जवानों का टर्न आउट वेष भूषा को विधिवत चेक कर अच्छे टर्न आउट वाले जवानो को इनाम देकर उन्हें प्रोत्साहित किया गया। परेड निरीक्षण उपरांत पुलिस अधीक्षक के द्वारा जवानों की ओ.आर. पेशी लेकर उनकी समस्याएं एवम् गुजारिश को सुना गया। जनरल परेड में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री शैलेंद्र पांडे, उप पुलिस अधीक्षक श्री याकूब मेनन, निरीक्षक देवेंद्र ठाकुर, कमलेश्वर भगत, उप निरीक्षक किरणेश्वर प्रताप सिंह, सहायक उप निरीक्षक 05, प्रधान आरक्षक 07, महिला प्रधान आरक्षक 01, आरक्षक 62, महिला आरक्षक 22, एम.टी. आरक्षक 07 उपस्थित रहे।





# शिवरतन के प्रयास से नवीन धान उपार्जन केन्द्र व सोसायटी खुलेंगे

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा के प्रयास से विधानसभा क्षेत्र के चार स्थानो पर नवीन सोसायटी शीघ्र प्रारंभ होगी। इसके लिये शर्मा ने कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप को पत्र लिखकर कहा है कि क्षेत्र के किसान नजदीक के उपार्जन केन्द्र मे अपनी धान बेच सके इसके लिये सुविधा पूर्ण केन्द्र के रूप मे सिमगा ब्लाक के ग्राम केसदा, चैरेंगा एवं कुकराचुंदा तथा भाटापारा ब्लाक के ग्राम मोपर मे नवीन धान उपार्जन केन्द्र शीघ्र प्रारंभ किया जाये। उक्त संबंध मे शर्मा ने कलेक्टर को भी जन भावना से अवगत कराते हुये किसानो के हित मे नवीन केन्द्र शीघ्र प्रारंभ करने कार्यवाही की जाये। शिवरतन शर्मा की मांग को तवज्जो देते हुये सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने कहा है कि नवीन सेवा सहकारी समिति का गठन करते हुये शीघ्र हीं नये केन्द्र प्रारंभ कर दिये जायेंगे। उपरोक्त संबंध मे शिवरतन शर्मा ने कहा है कि ग्राम खैरी आर, टिकुलिया, कोलिहा व चैरेंगा मे भी नई सोसायटी प्रारंभ करने की स्वीकृति व अनुशंसा मिल गई है व शीघ्र हीं किसानो को उक्त तमाम केन्द्रो मे अपनी उपज बिक्री की सुविधा मिल सकेगा। शिवरतन शर्मा द्वारा नये सोसायटी व उपार्जन केन्द्र प्रारंभ किये जाने की दिशा मे विकासोन्मुखी कार्य पर प्रसन्नता प्रकट करते हुये आनंद यादव, सुनील यदू, आशीष जायसवाल, सलीम खान, व्यास यदू, सुरेश यदू, प्यारेलाल रजक, बहोरिक यदू व मनेन्द्र सिंग गुम्बर सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

# शासकीय स्कूलों का हाल बेहाल भारी भरकम वेतन लेने वाले समय पर स्कूल नहीं पहुंचे

## औचक निरीक्षण में अधिकारियों ने की कार्यवाही



ब्यूरोचीफ संतोष साहू

भाटापारा। एक ओर जहां शासन भारी भरकम राशि शिक्षा पर व्यय कर शिक्षा के स्तर को उंचा उठाने के प्रयास मे है वहीं दूसरी ओर शिक्षा के पवित्र मंदिर मे शिक्षा दान करने वाले शिक्षक अपने गैर जिम्मेदारी रवैये से शिक्षा के स्तर को लगातार रसातल मे ले जाने के लिये लगे हुये है।

विकासखंण्ड के शिक्षा अधिकारी रामजी पाल, मुन्ना लाल नेताम, भास्करचंद देवांगन व बीआरसी दुर्गेश शर्मा एवं संकुल समन्वयक की टीम द्वारा विभिन्न शासकीय स्कूलों का औचक निरीक्षण एवं अवलोकन किया गया जिसमे अनेक शिक्षक समय पर स्कूल मे मौजूद नहीं थे शासकीय स्कूल मे अनुपस्थित रहने वाले शिक्षको मे ग्राम देवरी के प्राथमिक शाला की शिक्षिका विजय लक्ष्मी वर्मा, अभिलाषा शर्मा व आशा बंजारे शामिल है वहीं पूर्व माध्यमिक शाला माता देवालय के प्रधान पाठक प्रेमा मसीह, जयश्री कलेत, उषा कोटरे, उषा ध्रुव व श्यामलाल वर्मा, प्राथमिक शाला लाल बहादूर शास्त्री वार्ड प्रमुख रूप से शामिल है जो शासकीय शिक्षक होने के बावजूद अपने कर्तव्यों के निवर्हन मे गंभीर लापरवाही बरत रहे है। उक्त अनुपस्थित मिले सभी शिक्षको को शिक्षा अधिकारी ने कारण बताओं नोटिस जारी कर आवश्यक कार्यवाही विभिन्न प्रावधानो के तहत करने का निर्देश जारी किया है।

# 18 वें अखिल भारतीय अंतर रेलवे पुरुष खो-खो प्रतियोगिता 2024-25 का सेक्रसा हैंडबॉल एवं खो-खो ग्राउंड, एनईआई, बिलासपुर में आयोजन

दिनांक 17 से 19 अक्टूबर 2024 तक आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में अलग-अलग रेलवे की 06 टीमें भाग लेंगी ।

बिलासपुर। 18 वें अखिल भारतीय अंतर रेलवे पुरुष खो-खो प्रतियोगिता 2024-25 का आयोजन दिनांक 17 से 19 अक्टूबर' 2024 तक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर खेल संघ मुख्यालय द्वारा सेक्रसा हैंडबॉल एवं खो-खो ग्राउंड (नॉर्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट ग्राउंड के सामने ) में किया जा रहा है ।

इस प्रतियोगिता में कुल 06 टीमें भाग लेंगी जिनमें (1) दक्षिण मध्य रेलवे (2) मध्य रेलवे (3) पश्चिम रेलवे (4) उत्तर रेलवे (5) रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड (6) दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे शामिल है । इन टीमों से 13 ऑफिसियल के साथ लगभग 88 खिलाड़ी भाग लेंगे व इस प्रतियोगिता को सुचारू रूप से व निष्पक्षता के साथ सफल क्रियान्वयन हेतु विभिन्न रेलवे से चयनित 14 रेफ़रियों के दल को जिम्मेदारी रेलवे बोर्ड द्वारा दी गयी है । साथ ही यहां रेलवे बोर्ड से नामित 4 चयनकर्ता भी उपस्थित होंगे जो आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु भारतीय रेलवे टीम के खिलाड़ियों का चयन करेंगे । रेलवे बोर्ड के श्री पवन कुमार जी इस प्रतियोगिता के पर्यवेक्षक के रूप में सम्मिलित होंगे ।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा खो-खो खेल के इस महाकुंभ का आयोजन सातवें बार किया जा रहा है । पूर्व वर्षों में इसका आयोजन किया गया था । अंतिम बार वर्ष 2021-22 में 12 से 14 मई 2022 को इसका आयोजन किया गया था जिसमें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की टीम ने कांस्य पदक हासिल किया था । विगत 2 वर्षों में इस खेल का परिणाम इस प्रकार रहा है ङ्क वर्ष 2022-23 में, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवेङ्क विजेता, पश्चिम रेलवेङ्क उपवेजिता एवं मध्य रेलवेङ्क तृतीय स्थान । इसी प्रकार वर्ष 2021-22 में मध्य रेलवेङ्क विजेता, पश्चिम रेलवेङ्क उपवेजिता एवं दक्षिण पूर्व मध्य रेलवेङ्क तृतीय स्थान पर रही है । 17 अक्टूबर 2024 को अखिल भारतीय अंतर रेलवे पुरुष खोङ्कखो प्रतियोगिता 2024 का शुभारम्भ शाम 18:00 बजे माननीय उपमहाप्रबंधक/दपूमरे की उपस्थिति में किया जाएगा व 19 अक्टूबर 2024 की शाम 18:00 से माननीया महाप्रबंधक/दपूमरे की उपस्थिति में इस प्रतियोगिता का समापन समारोह का आयोजन किया जाएगा । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की मेजबानी में पूर्व में आयोजित खोङ्कखो प्रतियोगिता में बिलासपुर एवं आस-पास के खेल प्रेमियों ने खो-खो प्रतियोगिता के साथ-साथ अलग-अलग रेलवे जोन से आए हुए राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त खिलाड़ियों के खेल प्रदर्शन का भरपूर आनंद उठाया था ।

# दृष्टिबाधित दिवस पर साईटसेवर्स इंडिया के द्वारा कार्यक्रम संपन्न



**भाटापारा।** विकासखण्ड के ग्राम खैरी मे स्थित शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय परिसर में विश्व दृष्टि दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम मे विश्व दृष्टि दिवस के संबंध मे निबंध लेखन, नारा लेखन, चित्र कला, नाटक व छत्तीसगढ़ी नृत्य आदि प्रस्तुत किये गये। उक्त कार्यक्रम में लगभग 300 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस दौरान साइटसेवर्स इंडिया के द्वारा संचालित कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई इसी दौरान दृष्टिबाधित विद्यार्थी नीलमणि पटेल जो कक्षा 10 वी में अध्ययनरत है के द्वारा स्मार्टफोन को टॉक बैक के माध्यम से ऑपरेट करके प्रतिभागियों के समक्ष प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में ताकेश्वर वर्मा जो स्वयं दृष्टि बाधित है उन्होंने अपने जीवन के विशेष अनुभवों एवं दृष्टिबाधित बच्चों हेतु छड़ी की उपयोगिता को सभी के साथ साझा किया। इस अवसर पर खैरी राजाढार के प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय के छात्रों ने छत्तीसगढ़ी संस्कृति की वेशभूषा मे नृत्य प्रस्तुत किया।

# निगरानी बदमाश मनोज राजवाड़े को कोरिया पुलिस ने दबोचा

### जिला बदर अवधि में जिला में पाया गया उपस्थित, भेजा गया जेल

**कोरिया।** कोरिया पुलिस द्वारा दिनांक 17 अक्टूबर 2024 को निगरानी बदमाश मनोज राजवाडे को जिले से निष्कासन आदेश के उल्लंघन करने पर कोरिया पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।



उल्लेखनीय है कि, थाना बैकुण्ठपुर का निगरानी बदमाश मनोज राजवाडे, पिता श्री इनेश्वर प्रसाद राजवाडे, उम्र 26 वर्ष, निवासी ओडगीनाका, बैकुण्ठपुर के खिलाफ थाना बैकुण्ठपुर वर्ष 2011 से अपराध क्र0 97/11 धारा 457 भादवि0, अप0 क्र0 270/17 धारा 457,380 भादवि0, का अपराध पंजीबद्ध है। तथा थाना चरचा में अप0 क्र0 103/14 धारा 457,380 भादवि0, अप0 क्र0 07/15 धारा 454,380 भादवि0, का अपराध पंजीबद्ध है। व थाना पोड़ी में अप0 क्र0 151/16 धारा 454,380 भादवि0, अप0 क्र0 152/16 धारा 454,511 भादवि0, अप0क्र0 153/16 धारा 457, 380 ताहि 254/2023 धारा 457, 380, 511 ता0हि0 का अपराध पंजीबद्ध है। निगरानी बदमाश मनोज राजवाड़े निरंतर चोरी, नकबजनी और अन्य आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहता है, जिससे इलाके में भय और आतंक का माहौल है। जिससे आमजन उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने या गवाही देने से डरते हैं। उसकी आपराधिक गतिविधियों के चलते क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को गंभीर खतरा उत्पन्न हुआ है और उसने अपने साथियों के साथ मिलकर घरों में घुसकर चोरी करने का सिलसिला जारी रखा है। मनोज राजवाडे की अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए समय-समय पर कानून के तहत कार्रवाई की गई है, लेकिन यह प्रयास विफल साबित हुआ है। इसके परिणामस्वरूप छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 (ख) के तहत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया और सुनवाई के बाद 22 अप्रैल 2024 को आरोपी को कोरिया और सीमावर्ती जिलों से 6 माह के लिए निष्कासित करने का आदेश पारित किया गया। बावजूद इसके, अनावेदक ने इस आदेश का उल्लंघन करते हुए कोरिया जिले में अपनी उपस्थिति बनाए रखी, जिससे फिर से क्षेत्र में जान-माल का खतरा पैदा हो गया। आरोपी मनोज राजवाडे जिला बदर की अवधि में जिले में उपस्थित पाया गया, जिसकी सूचना प्राप्त होने पर थाना प्रभारी बैकुंठपुर द्वारा वैधानिक कार्यवाही करते हुए दिनांक 17 अक्टूबर 2024 को आरोपी मनोज राजवाडे को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

# अम्बिकापुर में लॉज के पीछे झाड़ियों में मिला युवक का शव

### सिर कुचलकर हत्या की आशंका, पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में लिया



**अम्बिकापुर।** सरगुजा जिले के अम्बिकापुर में पुराना बस स्टैंड इलाके में सनसनीखेज घटना सामने आई है। नेपाल लॉज के पीछे झाड़ियों में एक अज्ञात युवक का शव मिला है, जिससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। प्रारंभिक जांच में हत्या की आशंका जताई जा रही है, क्योंकि शव के सिर पर गंभीर चोट के निशान मिले हैं, जो संभवतः पत्थर से कुचलने के कारण हुए हैं।

#### संदेही हिरासत में, पूछताछ जारी

अम्बिकापुर कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक संदेही युवक को हिरासत में लिया है। सूत्रों के अनुसार, संदेही ने शराब के नशे में युवक को धक्का देने की बात स्वीकार की है, हालांकि हत्या की पुष्टि के लिए पुलिस गहराई से पूछताछ कर रही है।

#### शव भेजा गया पोस्टमार्टम के लिए

शव की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अम्बिकापुर के मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है, जिससे मौत के कारणों का पता लगाया जा सके।

# वाल्मीकि समाज मेहनतकश सेवा भावी समाज -विधायक इन्द्र साव

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** - वाल्मीकि समाज द्वारा महर्षि वाल्मीकि जयंती नगर में बड़े उत्साह और उमंग के साथ शक्ति वार्ड स्थित वाल्मीकि नगर में मनाई गई। इस अवसर पर मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित विधायक इन्द्र साव ने कहा कि वाल्मीकि समाज अपने कार्य के प्रति दक्ष होकर ईमानदारी के साथ कार्य करने वाला समाज है। विधायक साव ने समाज की मांग पर अतिरिक्त कक्ष निर्माण की घोषणा की। वाल्मीकि नगर में वाल्मीकि समाज द्वारा आयोजित महर्षि वाल्मीकि पर उपस्थित सामाजिक जनों को संबोधित करते हुए विधायक इंद्र साव ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि रामायण के पहले रचयिता थे जब तक जीवन चलता रहेगा महर्षि वाल्मीकि का नाम पूरे आदर ,सम्मान और श्रद्धा के साथ लिया जाएगा।श्री साव ने कहा कि एक आवंछित व्यक्ति के कहने पर जब माता सीता को वन में छोड़ा गया तो माता सीता को महर्षि वाल्मीकि ने अपने आश्रम में पनाह दी जहा उन्होंने लव कुश को वहीं जन्म दिया। वाल्मीकि समाज एक मेहनत कश समाज है, अपने कार्यो और दायित्वों के प्रति ईमानदारी पूर्वक यह समाज लगातार देश ,प्रदेश और नगर की सेवा करते आ रहा है।इस दौरान विधायक श्री साव ने समाज की मांग पर एक अतिरिक्त कक्ष निर्माण की घोषणा की जिसका समाज के लोगों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया।इसके पूर्व विधायक का वाल्मीकि नगर पहुंचने पर समाज के लोगों ने बड़ी आत्मीयता के साथ उनका स्वागत किया।



इस अवसर पर समाज के शंकर लाल झंझोटे, परदेशी चौहान, प्रत्येश राठौर, गोविंदा चौहान, लक्ष्मीनारायण राठौर, शिव चौहान, जितेंद्र डागोर, डोमन राठौर, राकेश राठौर, महेश राठौर, महेश राठौर, गोलू तम्बोली, बंशी चौहान, कमलेश राठौर, रंजीत राठौर, रूपेश चौहान, राजा चौहान, विशाल डागोर, कुंदन राठौर, तोरन राठौर, रोहित चौहान, विनय डागोर, सुनील चौहान, धनश्याम चौहान सहित समाज के बड़े बुजुर्ग,महिलाएं ,बच्चे काफी संख्या में उपस्थित थे।

# सांसद संतोष पाण्डेय की अनुशंसा से डोंगरगढ़ नगर पालिका के विकास हेतु निर्माण कार्यो की स्वीकृति

**राजनांदगांव।** लोकसभा सांसद संतोष पांडे की अनुशंसा पर नगरपालिका डोंगरगढ़ में तीन करोड़ के प्रशासकीय स्वीकृति नगरीय प्रशासन मंत्रालय ने प्रदान की है। उपमुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने 21 अगस्त को प्रत्येक नगरपालिका को वित्तीय वर्ष 2024-25 में अधोसंरचना मद अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों हेतु राशि रू. 3.00 - 3.00 करोड की अनुदान राशि स्वीकृति प्रदान किये जाने की घोषणा की गई है। इसी कड़ी में वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु निम्नानुसार 40 कार्यों हेतु अधोसंरचना मद अंतर्गत राशि रूपयें तीन करोड़ स्वीकृति प्रदान की गई है। विकास कार्यों की स्वीकृति मिलने पर प्रदेश महामंत्री राम जी भारती, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, सुरेंदर सिंह बन्नोआना, मंडल अध्यक्ष अमित जैन, पालिका उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा ,नेता प्रतिपक्ष अमित छाबड़ा,प्रतिनिधि मोंटी भाटिया सहित समस्त पार्षद एवं भाजपा पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय,नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव व सांसद संतोष पांडे के प्रति आभार व्यक्त किया है।



# वाल्मीकी समाज ने मनाया वाल्मीकी जयंती

**भाटापारा।** महर्षि वाल्मीकी जयंती के अवसर पर स्थानीय वाल्मीकी समाज द्वारा राम जानकी मंदिर से कलश शोभायात्रा का आयोजन किया गया जो केके वार्ड, शक्ति वार्ड सहित अन्य वार्डो का भ्रमण पश्चात शक्ति वार्ड वाल्मीकी नगर पहुंचा जहां आयोजित कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे क्षेत्रिय विधायक इंन्द्र साव शामिल हुये। उन्होने महर्षि वाल्मीकी के बताये मार्ग पर चलते हुये समाज को आगे बढाने के लिये कार्य करने का आव्हान उपस्थित लोगों को किया। इस अवसर पर उन्होने वाल्मीकी समाज की मांग पर प्रथम तल निर्माण की घोषणा की। उपरोक्त कार्यक्रम के दौरान भंडारा व प्रसाद वितरण का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

# मुख्यमंत्री श्रद्धांजलि सभा में भाग लेने भाटापारा पहुंचे

**भाटापारा।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शुक्रवार शाम को अपने भाटापारा के निजी प्रवास पर पहुंचे इस दौरान उन्होने भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा की भाभी बिमला देवी के निधन पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा मे शामिल हुये। अग्रसेन भवन मे विष्णुदेव साय ने विमला देवी के छायाचित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर शोक संतप्त परिवार के प्रति पूरी संवेदना जाहिर की। उपरोक्त अवसर पर पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, क्षेत्रिय सांसद बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व केबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पांडे, केबिनेट मंत्री रामविचार नेताम, टंकराम वर्मा सहित अनेक वर्तमान व पूर्व विधायक, पूर्व मंत्री तथा कांग्रेस भाजपा के अनेक नेता गणमान्य नागरिक अधिकारी व पत्रकार वर्ग के लोग भी श्रद्धांजलि कार्यक्रम मे पहुंचकर शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना प्रकट किया। कार्यक्रम मे बलौदाबाजार के कांग्रेस नेता शैलेश नितीन त्रिवेदी के अलावा धरसींवा विधायक अजुन शर्मा, जिला पंचायत सदस्य अभिनव यदू सहित भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के तमाम भाजपा व कांग्रेस नेता बडी तादाद मे पहुंचे।



# संदीप लकड़ा हत्याकांड मामले में फरार मुख्य आरोपी ठेकेदार गिरफ्तार

ब्यूरोचीफ पंकज शुक्ला

**सरगुजा.** छत्तीसगढ़ के सीतापुर के बहुचर्चित आदिवासी युवक संदीप लकड़ा हत्याकांड मामले में सरगुजा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है. युवक की हत्या दृश्यम फिल्म की स्टाइल में की गई थी. घटना के बाद से मुख्य आरोपी ठेकेदार अभिषेक पांडेय फरार था, जिसे आज सरेंडर करने कोर्ट पहुंचने पर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया. बता दें कि सीतापुर थाना क्षेत्र के ग्राम बेलजोरा में रहने वाले मृतक आदिवासी युवक संदीप लकड़ा तीन महीना से लापता था. परिजनों ने हत्या करने की आशंका जताते हुए थाने में शिकायत दर्ज की थी. वहीं आदिवासी समाज के विरोध प्रदर्शन के बाद मामला दर्ज किया गया था. विवेचना के दौरान पुलिस को पता चला कि संदीप लकड़ा के शव को मैनपाट के ग्राम लुरैना में पानी टंकी के नीचे दफनाया गया है. पुलिस ने पानी टंकी को ढहाकर 15 फीट नीचे से शव को बरामद किया था. इस मामले में अब तक आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है. वारदात के बाद से मुख्य आरोपी अभिषेक पांडेय फरार चल रहा था. उस पर आईजी ने 30 हजार व एसपी ने 10 हजार और सर्व आदिवासी समाज ने 5 लाख का इनाम घोषित किया था. आज मुख्य आरोपी अभिषेक सरेंडर करने कोर्ट पहुंचा था, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार किया. निरीक्षक, सब इंस्पेक्टर और एक आरक्षक को आईजी ने किया था निलंबित इस मामले में पुलिस पर लीपापोती का आरोप लगाने और आदिवासी समाज के लगातार प्रदर्शन के चलते आईजी सरगुजा ने निरीक्षक सहित सब इंस्पेक्टर और एक आरक्षक के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई कर चुके हैं. मुख्य आरोपी ठेकेदार की गिरफ्तारी की मांग को लेकर समाज का प्रदर्शन लगातार जारी था.

## सरकार ने मृतक की पत्नी को दी है नौकरी

स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, पीड़ित परिवार और सर्व आदिवासी समाज के बीच वार्ता हुई थी. वार्ता में सीएम के प्रतिनिधि के रूप में स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल शामिल हुए थे. इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने मृतक के बच्चों की हायर सेकंडरी स्कूल तक निशुल्क पढ़ाई, संविदा के रूप में मृतक की पत्नी को नौकरी का नियुक्ति पत्र दिया था. साथ ही सीएम मद से 25 लाख



का मुआवजा देने की घोषणा की थी. इसके बाद समाज ने आंदोलन खत्म कया था और 22 दिन बाद संदीप लकड़ा का अंतिम संस्कार हुआ था.

# 38 निर्माण कार्यो हेतु 2.8 करोड़ की स्वीकृति

**भाटापारा।** भाटापारा विधान सभा में विकास की निरंतर गंगा बहाने वाले,जन जन के नेता,पूर्व विधायक व प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष श्री शिवरतन जी शर्मा के प्रयासों से अधोसंरचना मद से भाटापारा नगरपालिका अंतर्गत 38 निर्माण कार्यो हेतु 2.8 करोड़ की स्वीकृति दिलवाई गई है इसी कड़ी में बजरंग वार्ड में दीपक के घर से भरत के घर तक व डॉ.भृगु के घर से सीरुमल के घर तक सीसीरोड टाप कार्य की स्वीकृति मिली। इन कार्यो की स्वीकृति



पर वरिष्ठ नेता व पूर्व पार्षद दिलीप छाबड़िया,पूर्व पार्षद शिव वर्मा,धनेश माधवानी,दीपक माहेश्वरी, संतोष वर्मा,बल्ली शुक्ला, रजत केसरवानी,सहित बजरंग वार्ड पार्षद राजेश छाबड़िया ने इस स्वीकृति के लिए सम्मानिय श्री शिवरतन शर्मा जी का आभार व्यक्त किया है।

# नशे में लडखड़ाते नजर आए आबकारी विभाग के आरक्षक-प्रधान आरक्षक

*वीडियो वायरल सरकारी गाड़ी में चल रहा था झुम बराबर झुम*

ब्यूरोचीफ पंकज शुक्ला

**अंबिकापुर।** संभागीय आबकारी उडन्दस्ता विभाग की टीम की अवैध वसूली करते कई वीडियो वायरल हो चुके हैं। इसी बीच एक नया वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें आबकारी विभाग के आरक्षक व प्रधान आरक्षक शराब के नशे में धुत नजर आ रहे हैं। इसका वीडियो किसी ने बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। यह वीडियो आबकारी कार्यालय परिसर का बताया जा रहा है। आबकारी विभाग की उडन्दस्ता टीम अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई कर दफ्तर परिसर में लौटी थी। इस दौरान उन्होंने सरकारी बोलेरो वाहन वहां खड़ा किया। वे जब वाहन से उतरे तो लडखड़ाते हुए दिखाई दिए वे ठीक से न बोल पा रहे थे और न ही खड़े हो पा रहे थे। इसका वीडियो वहां मौजूद



लोगों ने बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कैसे ये तीनों कर्मचारी नशे की हालत में हैं। सोशल मीडिया में जो वीडियो वायरल हो रहा है, उसमें एक आरक्षक मोबाइल का कैमरा देख बचते नजर आया। जबकि अन्य कर्मचारी बोलेरो के भीतर नशे में धुत दिखा।

इसके अलावा एक अन्य आरक्षक भी नशे में नजर आया। शहर में यह चर्चा का विषय बना हुआ है। सोशल मीडिया पर भी ये वीडियो देख लोग तरह-तरह के कमेंट्स कर रहे हैं। शायद संरक्षण प्राप्त जिला आबकारी अधिकारी की शिकायत लंम्बे समय से मुख्यालय जा रही थी .14 तारीख को नवनीत तिवारी का तबादला कर दिया गया इसी गम मे आबकारी कर्मचारी दारू पिकर झुम बराबर झुम कर रहे है .जो पब्लिक भी देखकर इनकी विडिओ बनाकर सोसल मिडिया पर डाल दी .हकीकत यही बया करता है की अंबिकापुर आबकारी विभाग अक्सर विवादों के सुर्खियों मे बना रहता था कभी दारू पकडने जाते तो वहाँ रिस्वत का आरोप बेधडक पब्लिक लगा देती है . उसके अलावा . मदिरा दुकानों मे.शराब मिलावट करते रंगे हाथ पकडे गये जब तक बडे अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त नही मिलता छोटे कर्मचारी कभी मिलावट. घुशखोरी का काम बिना संरक्षण प्राप्त किऐ बिना ..नही कर सकते।

# सूरजपुर डबल मर्डर केस में पुलिस को मिली बड़ी सफलता, मुख्य आरोपी के बाद 5 और आरोपियों को दबोचा

ब्यूरोचीफ पंकज शुक्ला

**सूरजपुर।** जिले में हुए हेड कांस्टेबल की पत्नी और बेटी की हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस मामले में मुख्य आरोपी कुलदीप साहू के साथ पांच और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल, 13 अक्टूबर को सूरजपुर थाने में पदस्थ हेड कांस्टेबल तालिब शेख के घर में घुसकर आरोपियों ने चाकू और तलवार से पत्नी और उसकी बेटी को घर में हत्या कर दी थी। दोनों की लाश अर्धनग्न अवस्था में घर से करीब 2 किमी दूर सड़क के किनारे मिला था। पुलिस ने इस मामले में तत्काल कार्रवाई करते हुए एक विशेष टीम का गठन किया था। पुलिस की





पूछताछ में पता चला है कि इस घटना का मुख्य आरोपी कुलदीप साहू है। कुलदीप साहू पहले से ही जिला बदर था और पुलिस उसे ढूंढ रही थी। 13 अक्टूबर की रात जब पुलिस ने कुलदीप साहू को पकड़ने की कोशिश की तो उसने पुलिस पर हमला कर दिया। इसके बाद उसने अपने साथियों के साथ मिलकर हेड कांस्टेबल तालिब शेख के घर में घुसकर उसकी पत्नी और बेटी की हत्या कर दी। पुलिस ने इस मामले में कुल पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें मुख्य आरोपी कुलदीप साहू के अलावा आर्यन विश्वकर्मा उर्फ गोल्डी, चंद्रकांत चौधरी उर्फ सी.के., रिंकू सिंह और सूरज साहू शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से घटना में इस्तेमाल किए गए हथियार और कपड़े बरामद किए हैं। पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या, हत्या का प्रयास और अन्य गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है।

# ढाई साल से है ग्रामवासियों को एलईडी स्ट्रीट लाइट के उद्घाटन का इंतजार- कब जलवाओगे सरकार

## रुर्बन मिशन योजना के 3.63 लाख डूब गए अँधेरे में




ब्यूरोचीफ पंकज शुक्ला

**सोनहत**- सोनहत विकासखंड में निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार अब आम बात हो चुकी है शिकायतों की फेहरिस्त इतनी लंबी हो चुकी है कि अब जनता भी मायूस हो चुकी हैं और भ्रष्टाचारियों की बल्ले बल्ले हो रही है क्योंकि जिम्मेदार आंखें मूंदे बैठे हैं ताजा मामला सोनहत मुख्यालय के मजार चौक से धुम्माडांड की और जाने वाली सड़क का है जहां की सीसी रोड तो भ्रष्टाचार की भैंस चल ही चुकी है यहां ग्रामीणों की सुविधा के लिए श्यामा प्रसाद मुखर्जी रोड पर




मिशन योजना से एलईडी स्टील लाइट कार्य में रोड मजार से धुम्माडांड 2019-20 में स्वीकृत हुआ था और कार्य का कार्य प्रारंभ 27/10/2021 को शुरू होकर 27 /01/2022 को पूर्ण हो गया जिसकी लागत 363000 थी जिसमें निर्माण एजेंसी कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बैकुंठपुर जिला कोरिया थी लेकिन ग्रामीणों का आरोप है और यह सच्चाई भी है कि आज तक स्ट्रीट लाइट का एक भी बल्ब नहीं जल सका ग्रामीण गुहार लगा लगा के थक गए लेकिन जिम्मेदारों के कानों में जूँ नहीं रेंगी और ना ही कभी उन्होंने खुद इसकी जहमत उठाई की कार्य करने वाले ठेकेदार पर कोई कार्रवाई की जाए अथवा कार्य की देखरेख करने वाले अपने मताहत कर्मचारी से पूछा जाए कि कैसा कार्य कराया था आज तक एक भी बल्ब नहीं जला अभी यहां यह करना बिल्कुल भी गलत नहीं होगा कि शासन के 363000 अंधेरे में ही डूब गए इस संबंध में जब हमने कार्यपालन अभियंता एके मिश्रा से संपर्क करना चाहा तो वह दौरे पर थे हमने व्हाट्सएप में पूरा मामला भेजा परंतु उनके द्वारा खबर लिखे जाने तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई अब ये सब देखकर तो यही लगता है कि यदि आप जिम्मेदारों को जागना भी चाहे तो वह जानबूझकर सो जाते हैं बाहर हाल अब देखना है की खबर चलने के बाद लोगों की सहूलियत के लिए स्ट्रीट लाइट का उद्घाटन होता है एकाद बल्ब जलता है या यूं ही कुछ दिनों में पूरी तरह कबाड़ बन जाएगी।

# सड़क किनारे वाहनों का अवैध पार्किंग बना लोगों के लिये परेशानी का सबब

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** नगर मे इन दिनो शहर के चारो दिशाओं की सड़क पर छोटे बडे एवं हैवी वाहनो का सड़क किनारे हीं पार्किंग मे लंबी कतार लगने से दुर्घटना का खतरा लगातार बढते जा रहा है इस सिलसिले मे प्रशासन की ओर से कार्यवाही नहीं किये जाने से सड़क पर हीं पार्किंग करने वाले वाहनो की तादाद निरंतर बढ रहीं है मसलन कृषि उपज



मंडी क्षेत्र के मुख्य मार्ग पर सैकडो की संख्या मे खडे वाहनो से यातायात जहां एक ओर बाधित हो रहा है वहीं दूसरी ओर दुर्घटना का खतरा इस अवैध पार्किंग की वजह से बढ गया है इसी प्रकार की स्थिति सेंन्ट्रल वेयर हाउस से लेकर खप्पर बाबा मंदिर तक सड़क पर तथा सड़क के किनारे खडे किये जा रहे अवैध पार्किंग मे सैकड़ो की संख्या मे वाहन से लोग हलाकान है कुछ इसी तरह के हालात रेल्वे ओव्हर ब्रिज के उपर भी बनी हुई है जहां पुलिसिया कार्यवाही शून्य होने के कारण कोई भी वाहन ट्रेक्टर ट्राली कभी भी रेल्वे ओव्हर ब्रिज के उपर पार्किंग मे अवैध रूप से खडे हो रहे है जिससे लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे है इसी प्रकार के हालात बब्बू होटल चैक से लेकर कालेज मार्ग एवं ग्राम खोलवा तक कायम है जबकि इस मार्ग पर भारी आवाजाही के कारण आये दिन जाम की स्थिति बन रहीं है उसके बावजूद कालेज गेट के पास हैवी वाहन ट्रक मेटाडोर ट्रेक्टर क्रेन एवं जेसीबी सहित अन्य वाहन सड़क पर अवैध रूप से पार्किंग के रूप मे खडे किये जा रहे है जिससे आये दिन इस मार्ग पर दुर्घटना घटित होना आम बात बन गई है। लोगों की सुरक्षा की दृष्टि से सड़क किनारे अवैध रूप से पार्किंग मे खडे हो रहे तमाम वाहनो को शहर से बाहर स्थानांतरित व खडे किये जाने की दिशा मे प्रशासन शीघ्र हीं मुहिम चलावे।

# भाटापारा क्षेत्र में प्लास्टिक व डिस्पोजल के कारण पर्यावरण प्रदूषण बढ़ा

ब्यूरोचीफ संतोष साहू





**भाटापारा।** शहर व क्षेत्र मे पॉलीथिन झिल्ली, प्लास्टिक व डिस्पोजल की समस्या एक गंभीर समस्या के रूप मे उभरकर सामने आई है खासकर सिद्ध बाबा धौराभांठा एवं सुरखी रोड के एक बडे भू-भाग पर तथा उस क्षेत्र मे स्थित खेत खलिहान संपूर्ण रूप से हरे भरे दिखने के बजाय हजारो की तादाद मे डिस्पोजल एवं झिल्ली प्लास्टिक के खेत के रूप मे दिखने लगे है जिसका मुख्य कारण उक्त दोनो क्षेत्रो मे स्थित देशी व विदेशी शराब दुकान है जहां शराब खरीदने के बाद लोग दूर दूर तक केवल डिस्पोजल गिलास पानी पाउच व अन्य चखना सामान लेकर खेत खलिहान की आड़ मे जिसको जहां जगह मिला वहां पर बैठकर खुलेआम शराब सेवन कर रहे है इस प्रकार स्थिति धार्मिक स्थल, सिद्ध बाबा से लेकर ग्राम बोड़तरा रोड तक तथा सिद्ध बाबा से लेकर हथनीपारा रोड तक फै ला हुआ है इसी प्रकार के हालात पेन्ड्री ढाबाडीह तथा सुरखी गांव के तमाम रास्ते मे भी देखने को मिल रहा है जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि भाटापारा क्षेत्र मे अब खेतो पर हरियाली लगातार गायब हो रहा है और जगह जगह डिस्पोजल व प्लास्टिक के झिल्ली व कचरे बिखरे पडे पर्यावरण प्रदूषण को बढावा दे रहे है। राज्य शासन की ओर से अनेक किस्म के कैरीबैग डिस्पोजल व प्लास्टिक कचरो पर रोक लगाने के प्रयास भाटापारा क्षेत्र मे पूरी तरह विफ ल हो चुके है फ लस्वरूप शहर के चारो दिशाओं मे जहां प्लास्टिक डिस्पोजल गिलास के कचरे का फै लाव हो रहा है वहीं शहर के भीतर भी जहां पर अवैध शराब विक्रेता सक्रिय है उस क्षेत्र मे भी प्लास्टिक कचरे डिस्पोजल गिलास एवं झिल्ली के फै लाव से लोग परेशान है इसी प्रकार की स्थिति टोहडी घाट शिवनाथ नदी क्षेत्र दतरेंगी सेमरिया घाट मार्ग सिद्ध बाबा बोड़तरा मजगांव मार्ग तरेंगा मार्ग खोलवा मार्ग, सूरजपुरा मार्ग, खपराडीह मार्ग सहित अनेक स्थानो पर प्लास्टिक के कचरो का फै लाव इस बात के पुख्ता सबूत दे रहे है कि जगह जगह गांव गांव अवैध शराब की बिक्री जोरो से जारी है जिससे पर्यावरण के प्रदूषित होने का खतरा बढते जा रहा है इसी प्रकार के हालात नगर के सबसे बडे तालाब कल्याण सागर तालाब के चारो दिशाओं मे देखा जा सकता है जहां पर अवैध शराब विक्रेता खुलेआम अवैध शराब की बिक्री करते हुये चखना दुकान भी चलाकर प्लास्टिक डिस्पोजल का फै लाव कर रहे है जिसको रोकने के लिये प्रशासन को ठोस मुहिम व कदम उठाना चाहिये।

**जगह जगह डिस्पोजल व प्लास्टिक के झिल्ली व कचरे बिखरे पडे पर्यावरण प्रदूषण को बढावा दे रहे है।**

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : नारायण भूषणिया द्वारा मिशन मिडिया प्रा.लि. रजबंधा मैदान रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कराकर एच.डी.डी./49, फेस-2 मेन रोड, कबीर नगर रायपुर से प्रकाशित, संपादक-नारायण भूषणिया मो.नं. 09300491602, RNI पंजीयन क्रमांक: CHHHIN/2010/34778, Email ID- krantirath.cg@gmail.com, / www.krantirath.in